WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, शनिवार, 13 दिसंबर 2025 | कृष्ण पक्ष- अष्टमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 295 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज ली थी शपथ, लाखों करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल से छत्तीसगढ़ में बदलाव की नई बयार

दो साल के कार्यकाल में रची विकास की स्वर्णिम गाथा

हनीफनिजामी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद 13 दिसंबर 2023 को विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ के साथ अंतर्मन में एक संकल्प भी लिया। संकल्प विकास का 'छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का संकल्प' महज दो साल के कार्यकाल में साय के संकल्पों की बानगी दुनिया देख रही है। इन्हीं संकल्पों ने 24 महीनों में छत्तीसगढ़ के विकास की स्वर्णिम गाथा रच दी है। राज्य में नए उद्योग खुल रहे हैं। नए शैक्षिक संस्थान, मेडिकल हेल्थ केयर सेंटर, एआई और सेमीकंडक्टर सहित आईटी सेक्टर से जुड़े उद्योगों की बुनियाद रखी जा रही है। लाखों करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल से छत्तीसगढ़ में बदलाव की नई बयार आ गई है। राज्य की तस्वीर संवरने लगी है। बीमारू और पिछड़े राज्य के रूप में पहचान बनाने वाले राज्य को अब सिलिकॉन सिटी बनाने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। ताजा सीन ये है कि महज दो साल के कालखंड में छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर यूनिट की बुनियाद रखी जा चुकी है। आई टी सेक्टर से जुड़े उद्योग खुल रहे हैं। नवा रायपुर में मेडिसिटी और एडुसिटी बनाने का रोड मैप तैयार किया जा चुका है। राज्य प्रगति के पथ पर नई ऊर्जा के साथ चल पड़ा है।

2 सौ एकड़ में आकार लेने लगी मध्य भारत की सबसे बड़ी मेडिसिटी

बीते एक दशक से शिक्षा, उद्योग, स्वच्छ, पॉल्यूशन फ्री वातावरण और कनेक्टिविटी का प्रमुख केंद्र होने के नाते नवा रायपुर अटल नगर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होती रही है। देश के सबसे आधुनिक शहर के रूप में बसाहट की व्यवस्था के बाद अब नई राजधानी को मध्य भारत के प्रमुख मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। सेक्टर 36ङ्37 में देश के अग्रणी हेल्थकेयर ग्रुप्स की भागीदारी से नवा रायपुर देश के सबसे बड़े मेडिसिटी के रूप में स्थापित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

अटल नगर के करीब 200 एकड़ एरिया में 5000 बेड की मेडिसिटी बन रही है। नवा रायपुर में विकसित हो रही 'मेडिसिटी' को छत्तीसगढ़ समेत आसपास के राज्यों के लिये स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी क्रांति माना जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ विकसित राज्य की श्रेणी में नई ताकत बनकर उभरेगा। क्वालिटी हेल्थ फेसिलिटी मुहैया कराना विष्णुदेव साय सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मेडिसिटी में मेडिकल यूनिवर्सिटी, नर्सिंग कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित किए जा रहे हैं। यहां डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल पेशेवरों की सक्षम पीढ़ी तैयार की जाएगी। कार्डियोलॉजी, कैंसर साइंस, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, ऑर्गन ट्रांसप्लांट और मल्टीङ्क्षस्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब्स यहां स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगे।

मरीजों और उनके परिजनों के लिए आवासीय परिसर, हॉस्टल, होटल और धर्मशाला जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। व्यवस्थित ह्यूमन सेंट्रिक मेडिकल ज़ोन में बदलने का सपना साकार होने लगा है।

विशेषज्ञो के अमुसार मेडिसिटी बनने के बाद नवा रायपुर का शुमार नेशनल लेवल पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिये होने लगेगा। भौगोलिक रूप से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाएं ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, यूपी और महाराष्ट्र से जुड़ी हैं। नवा रायपुर में मेडिसिटी बनने के बाद पड़ोसी राज्यों के पेशेंट को भी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी।

मेडिसिटी बनने के बाद नवा रायपुर में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। अहम बात ये है कि मेडिकल गतिविधियों के कारण नई राजधानी आर्थिक गतिविधियों का बड़े केंद्र के रूप में भी उभरेगी। स्वास्थ्य सेवाएं, फार्मास्यूटिकल सेक्टर, वेलनेस, मेडिकल एजुकेशन और सपोर्ट सेवाओं का विसतार होने से हजारों लोगों को नौकरी मिलेगी। यहां आवासीय सुविधाएं बढ़ेगी और व्यवसायिक अवसरों में कई गुना इजाफा होगा। स्वाभाविक रूप से यहां व्यवसायिक गतिविधियों की चमक बिखरेगी।

मेडिसिटी बनने के यहां देश के अन्य बड़े मेडिकल संस्थानों की एंट्री होगी। इसके बाद यहां स्वास्थ्य सेवाओं का नया अध्याय लिखा जाएगा। खास बात ये है कि नवा रायपुर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से एकदम करीब है। एयरपोर्ट से महज कुछ मिनटों की ड्राइव के बाद मेडिसिटी आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा रेल कनेक्टिविटी का काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। इन सुविधाओं के विकसित होने के साथ ही मेडिसिटी बनने के बाद नवा रायपुर को देश के बड़े मेडिकल सेंटर में गिना जाने लगेगा। अत्याधुनिक मेडिसिटी का इंफ्रा स्ट्रक्चर तैयार होने के साथ ही एयर कनेक्टिविटी से विदेशी मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ेगी।

आगामी वर्षों में नवा रायपुर में मेडिसिटी विकसित होने के बाद यह मेडिकल शिक्षा, रिसर्च और हेल्थ इकोनॉमी का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। यह प्रोजेक्ट न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे क्षेत्र को सस्ती, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नवा रायपुर मेडिसिटी आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक विकास का मजबूत आधार बनाएगी। यह परियोजना छत्तीसगढ़ को उस दिशा में ले जाएगी जहाँ से मध्य भारत के लिए एक नए स्वास्थ्य युग की शुरुआत होगी।

नवा रायपुर में बन रही मेडिसिटी से यहां अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। उत्कृष्ट मेडिकल सेवाओं के कारण नवा रायपुर मेडिसिटी आने वाले दशकों में छत्तीसगढ़ की आर्थिक, स्वास्थ्य और सामाजिक प्रगति का आधार बनेगी। 'मेडिसिटी' परियोजना न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवा के नए युग की शुरुआत कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन से शुरू की गई इस परियोजना को देश की सबसे महत्वाकांक्षी और भविष्यगामी स्वास्थ्य पहल के रूप में माना जा रहा है।

2012 से संचालित है सत्य साई संजीवनी अस्पताल

सत्य साई संजीवनी अस्पताल 2012 से बच्चों के हृदय उपचार का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय केंद्र है। यहां देश के दूसरे राज्यों के अलावा पड़ोसी देशों के मरीज भी आते हैं। यहां बच्चों की हार्ट सर्जरी मुफ्त में होती है।

2018 से कैंसर उपचार का बड़ा केंद्र है बालको हॉस्पिटल

बालको कैंसर हॉस्पिटल 2018 से कैंसर उपचार का प्रमुख केंद्र है। इस हास्पिटल में आसपास के राज्यों के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाएँ मिल रही है। नवा रायपुर का पॉल्यूशन फ्री वातावरण, कम लागत और बेहतर सुविधाएँ मिलने से कैंसर मरीज यहां इलाज के लिये आते हैं।

अटल नगर बन रहा देश का एजुकेशन हब

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर देश का उभरता हुआ एजुकेशन हब बन रहा है। पूर्व में स्थापित शैक्षिक संस्थानों के अलावा नए खुलने वाले शैक्षक संस्थानों से इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फिजिकल एजुकेशन, फैशन और फॉरेंसिक जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा मिल सकेगी। नवा रायपुर शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा हब बनने की ओर अग्रसर है। यहां विभिन्न राष्ट्रीय और निजी संस्थान खुल रहे हैं।

नवा रायपुर में राज्य के युवाओं को नेशनल-इंटरनेशनल लेवल की एडुसटी विकसित करने की प्लानिंग के तहत सौ एकड़ भूमि रिजर्व कर दी गई है। इसके अलावा 3 एकड़ एरिया में साइंस सिटी भी डेवलप की जाएगी। एनआरडीए ने एडुसिटी डेवलप करने की सभी तैयारियां शुरू कर दी है। नवा रायपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ट्रपल आईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे देश के टॉप शैक्षिक संस्थान हैं। साय सरकार ने अब यहां एडुसिटी डेवलप करने का प्लान बनाया है।

एडुसिटी में मल्टी-डिसीप्लीनरी यूनिवर्सिटी, रिसर्च सेंटर, इन्क्यूबेशन हब, डिजिटल लाइब्रेरी, विज्ञान और नवाचार केन्द्र इसके अलावा मॉडर्न लैबी वकिसत किये जाएंगे। एडवांस एजुकेशन और रिसर्च सेंटर के रूप में एडुसिटी का विकास किया जाएगा। एडुसिटी के अलावा यहां साइंस सिटी की स्थापना का काम भी चल रहा है। सेक्टर 12 में साइंस सिटी के लिए 30 एकड़ जमीन चिह्नित करने के बाद आधुनिक तकनीक से लैस साइंस सिटी तैयार करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

निफ्ट का देश में 18 वां कैंपस नवा रायपुर में खुलेगा

नवा रायपुर में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के नए कैम्पस की स्थापना को मंजूरी मिल चुकी है। प्रोजेक्ट की कुल लागत 271.18 करोड़ रुपए है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भारत में फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में से एक है। 1986 में केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के तहत स्थापित इस संस्थान के वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलूरु सहित देश भर में 17 परिसर हैं। नवा रायपुर में स्थापित होने वाला यह 18 वां नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययन की सुविधा देगा। फैशन उद्योग के साथ छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। नवा रायपुर में एनआईएफ्टी की स्थापना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को विश्वस्तरीय फैशन शिक्षा प्राप्त करने का अवसर छत्तीसगढ़ राज्य में ही मिलने लगेगा।

एडुसिटी में खुलेगा नारसी मैनेजमेंट स्टडीज कैंपस

हाल ही में मंत्रालय महानदी भवन में नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट स्टडीज के प्रतिनिधि जगदीश वी पारिख ने सीएम साय से मुलाकात की। इस दौरान पारिख ने नया रायपुर के एडुसिटी में कैंपस स्थापित करने के प्रस्ताव की जानकारी दी। उन्होंने एनएमआईएमएस द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट स्टडीज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान स्थापित होने से राज्य के युवाओं को मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त होगी।

पहले ही खुल चुके हैं प्रतिष्ठित संस्थान

यहां अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही खुल चुका है। यह इंजीनियरिंग और आईटी क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है। श्री द्वारा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर के अटल नगर में स्थित संस्थान है। यहां विभिन्न पाठ्यक्रम के अध्ययन की सुविधा है। नवा रायपुर में 350 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (ह्रस्नस्र) स्थापित किया जा रहा है। यह विवि फॉरेंसिक शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेगा। रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी छतौना में स्थित है और तकनीकी शिक्षा दी जाती है।

दो साल में 7 लाख 69 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट प्रपोजल

■ **एआई, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग यूनिट से छत्तीसगढ़ के विकास के नए युग की शुरुआत**

विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में नई औद्योगिक नीति (2024-30) लागू किये जाने के बाद से छत्तीसगढ़ में एक तरह से इन्वेस्टमेंट की नई क्रांति आ गई है। उद्योग हितैषी नीति के कारण इन्वेस्टर अब छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने की दिशा में आगे आने लगे हैं।

राज्य में 1 जनवरी 2024 से अब तक करीब 18058.34 करोड़ का निवेश किया जा चुका है। इस राशि से 2415 नए उद्योग स्थापित किये गए। लगभग 42 हजार 500 लोगों को रोजगार मिला। राज्य को अब तक लगभग 7.69 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इन्वेस्टर्स ने स्टील, पॉवर, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, आईटी, बीपीओ, एनर्जी सेक्टर में ज्यादा रुझान दिखाया है। नवा रायपुर में राज्य में देश का प्रथम एआई डाटा सेन्टर और सेमीकंडक्टर निर्माण के लिये 11000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। इनकी स्थापना की जा रही है। पिछले एक साल में 7 औद्योगिक पार्क स्थापित किए गए है। 7 अन्य स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है।

पिछले दो साल में औद्योगिक लैंड बैंक के लिये 5 जिलों में कुल 255.725 हेक्टेयर भूमि का आधिपत्य विभाग को मिल चुका है। औद्योगिक लैंड बैंक केलिये 8 जिलों में 940.65 हेक्टेयर नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के लिये 2 जिलों में कुल 172.112 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। हेल्थ एण्ड वेलनेस के लिये 7 जिलों में कुल 82 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

पीएम मोदी के दौरे के दौरान जापान ने भारत में 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने का ऐलान किया था। अगले 10 साल का आर्थिक रोड मैप तैयार किया गया। इन्वेस्टमेंट का बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ को मिलेगा। इसी सिलसिले में सीएम विष्णुदेव साय ने अगस्त 2025 में जापान-कोरिया जैसे विकसित देशों का दौरा किया। सीएम के दौरे से छत्तीसगढ़ में विदेशी निवेश और औद्योगिक विकास के रास्ते खुल गए हैं। भारत और जापार के बीच हुए समझौतों से प्रदेश में एआई, सेमीकंडक्टर और रक्षा क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बढ़ने से रोजगार के बड़े अवसर छत्तीसगढ़ के युवाओं को मिलेंगे। यात्रा के दौरान जापान और कोरिया देशों से छत्तीसगढ़ में निवेश के संबंध में चर्चा की गई। एआई, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश की सहमति बनी। कई औद्योगिक संस्थानों से छत्तीसगढ़ में निवेश प्रस्ताव भी मिले। इन निवेश प्रस्तावों से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस दौरे में सीएम के साथ जापान और दक्षिण कोरिया के व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों से भी चर्चा हुई। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने व्यापार बढ़ाने को लेकर और निवेश बढ़ाने को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। दोनों देशों के व्यापार संगठनों को छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के बारे में बताया गया। इसके अनुदान प्रावधानों की जानकारी दी गई। एआई और सेमीकंडक्टर में निवेश के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता की जानकारी दी गई।

विश्व स्तर पर बिखेरगी सेमी कंडक्टर और एआई इंडस्ट्री की चमक

राज्य में नई नीति लागू होने के बाद से प्रदेश में 6.65 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इसमें स्टील और पॉवर सेक्टर के साथ ही सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और एआई आधारित इंडस्ट्री शामिल हैं। पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने नवा रायपुर में 11 हजार करोड़ की सेमी कंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन किया है। कंपनी अगले पांच साल में बनने वाले सेमी कंडक्टर यूनिट में हर साल 10 अरब चिप्स का उत्पादन करेगी। 2023 में नई सरकार बनने के बाद से साय सरकार ने नवा रायपुर को बेंगलुरु और हैदराबाद की तर्ज पर आईटी हब के रूप में विकसित करने का प्लान बनाया। इसके लिये सरकार ने नैसकॉम के साथ समझौता किया है। नवा रायपुर में आईटी इंडस्ट्री की स्थापना के लिए 90 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित करने का भी फैसला किया गया। अब तक नवा रायपुर में इन्वेस्टर्स ने निवेश के लिए प्रमुख रूप से 12 सेक्टरों को चुना है।

सबसे ज्यादा स्टील सेक्टर में दिलचस्पी दिखाई गई है। इसके अलावा पॉवर सेक्टर पर भी उद्योग लगाने में इंडस्ट्रियलिस्ट ने रुचि ली है। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी व आईटीईएस सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के प्रस्ताव दिये गए हैं। कंप्रेस्ड बायोगैस, सीमेंट, एथेनॉल, फूड प्रोसेसिंग, माइनिंग इक्विपमेंट प्लांट, प्लास्टिक उत्पाद, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री और ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में भी इन्वेस्टमेंट के प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्य सरकार का दावा है कि अब तक मिले निवेश प्रस्तावों से एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। एनर्जी सेक्टर में 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इसमें न्यूक्लियर थर्मल, सोलर, पीएम कुसुम, पीएसपी, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, पॉवर ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के क्षेत्र में निवेश का प्रस्ताव है।

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शनिवार, 13 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 295 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में उठाया डिजिटल अरेस्ट का मुद्दा

डिजिटल अरेस्ट से 3000 करोड़ की ठगी, छत्तीसगढ़ में 32 करोड़ ठगे

■ सांसद बृजमोहन बोले- बड़ी ट्रांजैक्शन पर 24 घंटे होल्ड हो पैसा

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में सरकार का ध्यान साइबर ठगी के ट्रेंड डिजिटल अरेस्ट की ओर खींचा। सांसद अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों की पूरी जीवनभर की कमाई कुछ ही मिनटों में उड़ा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन लुटेरे अब पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते हैं, वर्दी में दिखाई देते हैं और फर्जी कार्रवाई का भय दिखाकर पीड़ितों से पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सांसद अग्रवाल ने सदन में कहा कि डिजिटल अरेस्ट के इस गिरोह की चपेट में सबसे ज्यादा बुजुर्ग, अकेले रहने वाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

3,000 करोड़ से ज्यादा की ठगी

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट भी डिजिटल अरेस्ट को उभरती हुई गंभीर चुनौती मान चुका है। उन्होंने बताया कि सिर्फ भारत में सीनियर सिटीजंस समेत हजारों पीड़ित अब तक 3,000 करोड़ से ज्यादा गंवा चुके हैं।

राज्यसभा में बोले कृषि मंत्री- किसानों के आत्महत्या के आंकड़े बताना अमानवीय

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अमानवीय होगा। पंजाब से आम आदमी पार्टी के संत बलबीर सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न में पूछा था कि पिछले 15 साल में देश में कितने किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने उसका राज्यवार विवरण भी मांगा था। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि एक भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई बार अलग-अलग पेशों में काम करने वाले आत्महत्या करते हैं। **किसानों की आय बढ़ाने हर संभव प्रयासः** उन्होंने कहा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं। मैं आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। वह अमानवीय होगा क्योंकि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी इंग्लैंड गये तो उनकी कार की ऐसी तलाशी ली गई मानों लंदन में कोई आतंकवादी घुस आया हो पाकिस्तान की ऐसी घोर बेइज्जती होना यह साबित करता है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस आतंकिस्तान की साख फूटी कौड़ी की भी नहीं रह गई है। यह वही चोट्टा मोहसीन नकवी है जो भारत द्वारा जीते गये एशिया क्रिकेट कप को ले भागा था। वैसे पाकिस्तान की सेहत पर इस तरह की बेइज्जती का कोई असर नहीं पड़ता है। वे बेशर्मी से कहते हैं कि अब बेइज्जती की तो की अब करके देख।

नहीं रहे शिवराज पाटिल, लातूर में ली अंतिम सांस

मुंबई (वार्ता) । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र के लातूर में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटिल ने आज सुबह लगभग 6:30 बजे लातूर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे और लातूर में ही उनका इलाज चल रहा था। श्री पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे।

भिलाई स्टील प्लांट में लगी आग

भिलाई /नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन नंबर-2 में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आईसीएल के सामने पीबीएस-2 के पाइपलाइन से गैस का रिसाव शुरू हो गया और कुछ ही सेकंड में गैस आग की लपटों में बदल गई।। बीएसपी के दमकल कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाने का कार्य शुरू कर दिया है।

कोकोवन से जुड़ा ब्लोइंग स्टेशन : बताया जा रहा है कि यह ब्लोइंग स्टेशन कोकोवन से जुड़ा हुआ है और यहां से मिलने वाली ब्लोइंग गैस से अन्य विभागों की मशीनें संचालित होती हैं. गैस लीकेज के कारण संयंत्र में कई यूनिटों पर असर पडऩे की आशंका बनी रही, हालांकि स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिशें जारी हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. संयंत्र प्रबंधन ने गैस रिसाव के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.03 अरब डॉलर बढ़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) 5 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस सप्ताह सोने का भंडार (गोल्ड रिजर्व) भी 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। वहीं स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में 93 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ और यह 18.721 अरब डॉलर तक पहुंच गया। आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजार में हो रहे घटनाक्रमों की नियमित निगरानी करता है और जरूरत पडऩे पर हस्तक्षेप करता है, जिससे व्यापार की स्थिति सही बनी रहे। इस साल भारत ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में शानदार बढ़ोतरी देखी है।

विष्णुदेव साय सरकार के दो वर्ष : जनविश्वास से जनकल्याण तक

शासन की योजनाओं से विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को वर्तमान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन्स में आयोजित प्रेसवार्ता में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी गारंटियों पर विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ की जनता ने जो सेवा का अवसर दिया, उसे सरकार ने पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। दो वर्षों में जनता का भरोसा और अधिक सशक्त हुआ है।

तेंदूपत्ता पारिश्रमिक 5500 रुपये किया : मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज और वनोपज संग्राहकों के हित में तेंदूपत्ता पारिश्रमिक 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपये किया गया है। 13 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। चरणपादुका योजना पुनः प्रारंभ की गई है तथा 73 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पीएससी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जरूरतमंद परिवारों को पीएम आवास की स्वीकृति दी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार के गठन के दूसरे ही दिन 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई। किसानों के लिए 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी जारी है, जिससे खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना एक ऐतिहासिक पहल बनी। लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है। डीबीटी के माध्यम से अब तक 22 किस्तों में 14 हजार 306 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है।

सुशासन को सुदृढ़ करने 400 से अधिक सुधार

उन्होंने कहा कि सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए 400 से अधिक सुधार किए गए हैं। सुशासन एवं अभिसरण विभाग, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, ई-ऑफिस और डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार और उद्योग के लिए नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। 231 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जनविश्वास अधिनियम लागू हुआ और अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। लॉजिस्टिक पार्क, एयर कार्गो सुविधा और औद्योगिक पार्क स्थापित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी संग्रह में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,454 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। ई-वे बिल सीमा बढ़ाने, 24म7 प्रतिष्ठान संचालन और जिलों में जीएसटी कार्यालय खोलने से व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

विधायक दल की बैठक में बड़ा फैसला

शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का कांग्रेस बहिष्कार करेगी

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 17 दिसंबर तक चलेगा। सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज राजीव भवन में हुई। इसमें विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई। इस बैठक में सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का कांग्रेस ने बहिष्कार करने का फैसला किया है।

विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं: बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बताया कि विपक्ष ने सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं है। विजन के नाम पर हमें दूरबीन से दिखाया जा रहा है।

चरण दास ने कहा कि 2047 के विजन में किराए से दिखाए हुए सपने हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू नहीं है। 2047 के विजन में छत्तीसगढ़ की बासी की खुशबू नहीं है। 2047 का विजन उद्योपतियों साथियों के लिए बनाया गया विजन है। ऐसे विजन पर आधारित चर्चा का हम बहिष्कार करते हैं। यह देश का अमृतकाल नहीं भ्रमितकाल है।

अनुपूरक मांग पर चर्चा होगी: 16 दिसंबर को अनुपूरक मांग पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होगी

14 दिसंबर से 17 दिसंबर तक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित है। सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होंगी। 628 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई है। इसमें 333 तारांकित प्रश्न और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 99.17 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। 48 ध्यानाकर्षण होगा। एक लोक महत्व के विषय पर चर्चा होगी। 9 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल 4, याचिका 77 पर भी चर्चा होगी।

एनडीए की बैठक में बोले मोदी आप बस काम करें, ये मजदूर पीछे खड़ा है

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार शाम एनडीए सांसदों की अहम बैठक संपन्न हुई। सूत्रों के अनुसार, माहौल बेहद सकारात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। बैठक में सांसदों को आगामी महीनों में जनसंपर्क, डिजिटल पहुंच और विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे अपने क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनता के बीच अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार जनहित के लिए काम कर रही है, लेकिन उसकी उपलब्धियां कई बार लोगों तक सही रूप में पहुंच नहीं पातीं। इसलिए जनसंपर्क को और मजबूत करना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को प्रभावी माध्यम बताते हुए सांसदों को इस प्लेटफॉर्म पर और अधिक सक्रिय रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता विकास कार्यों को प्रत्यक्ष अनुभव कर सके, इसके लिए सांसदों को डिजिटल अभियान बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर मजबूत संवाद स्थापित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछले 11 वर्षों में देश के टेक्सटाइल क्षेत्र में आया ऐतिहासिक बदलाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश के टेक्सटाइल क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव आया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर स्किल में सुधार देखने को मिला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से की गई पोस्ट में कहा गया, पिछले 11 वर्षों में देश के टेक्सटाइल क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं, जिसमें मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, विस्तारित बाजार, उन्नत स्किल, व्यापक समावेशिता और एक ऐसी मूल्य श्रृंखला शामिल है, जो अब रोजगार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर रेल हादसा

डीआरएम सहित दो बड़े अफसरों का तबादला

बिलासपुर /नवप्रदेश । बिलासपुर रेल हादसे में रेलवे बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलासपुर डीआरएम सहित 2 बड़े अफसरों का तबादला किया है. यह कार्रवाई कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी की प्राथमिक रिपोर्ट के बाद की गई है। 4 नवंबर को बिलासपुर के समीप लाल खदान में खड़ी मालगाड़ी से मेमू लोकल जा टकराई थी। हादसे में लोको पायलट विद्यासागर समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी. बताया जा रहा है कि हादसे के बाद रेलवे बोर्ड द्वारा गठित सीआरएस की रिपोर्ट में ट्रेन संचालन में खामी को दुर्घटना की मुख्य वजह माना गया है। रिपोर्ट के आने के बाद रेलवे बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए एक दिन पहले देर शाम बिलासपुर डीआरएम राजमल खोईवाल के स्थान पर वेस्टर्न रेलवे से उमेश कुमार को नियुक्त किया है। वहीं प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता राजीव कुमार बर्नवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वायु प्रदूषणः यह विचारधारा का मुद्दा नहीं, सदन में चर्चा हो - राहुल गांधी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को सदन में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण बच्चों को नुकसान हो रहा है और लोगों में कैंसर जैसी बीमारी फैल रही है। राहुल गांधी ने मांग उठाई कि सदन में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, हमारे ज्यादातर बड़े शहरों में लोग जहरीली हवा की चादर में जी रहे हैं। लाखों बच्चों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं, उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है और लोगों को कैंसर हो रहा है। बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर सरकार और हमारे बीच जरूर पूरी सहमति बनेगी। राहुल गांधी ने कहा, यह कोई सोच का मुद्दा नहीं है। सदन में हर कोई इस बात से सहमत है कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को जो नुकसान हो रहा है, ऐसी चीज पर हमें मिलकर काम करना चाहिए। कांग्रेस सांसद

ने यह भी कहा कि सरकार शहरों में वायु प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए एक प्लान बनाए। विपक्ष को भी ऐसा प्लान बनाने में सरकार के साथ मिलकर काम करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर, हम देश को दिखा सकते हैं कि हम किसी जरूरी चीज पर मिलकर काम कर सकते हैं। हमें इस पर संसद में विस्तार से चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को हर शहर के लिए एक मेथड वाला, सिस्टमैटिक प्लान बनाना चाहिए, जो अगले 5 या 10 सालों में हमारे लोगों की जिंदगी आसान बना सके। इसके बाद, राहुल गांधी ने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मैंने दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जनगणना बजट | जनगणना 2027 में दो चरणों में आयोजित की जाएगी

2027 जनगणना: कैबिनेट ने दी 11718 करोड़ की मंजूरी

नई दिल्ली(वार्ता)। कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों का मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है।

जनगणना 2027 के बारे में केंद्रीय मंत्री ने क्या बताया?- कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनगणना 2027 की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास होगा। जनगणना 2027 अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। जनगणना केंद्र का विषय है।

कोयले से जुड़ी सुधार नीति को कैबिनेट की मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने 'कोयला लिंकेज नीति में सुधारः कोलएसईटीयू को भी नीतिगत मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा, भारत कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। 2020 में कोयले का वाणिज्यिक खनन शुरू हुआ, जिससे घरेलू कोयले की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। भारत ने 2024-25 में पहली बार एक वर्ष में 1 अरब टन कोयले के उत्पादन का आंकड़ा पार किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडिगो पर एक्शन, 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

नई दिल्ली/वार्ता। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। डीजीसीए ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स आज लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश होंगे। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार के इंडिगो पर 3 एक्शन

- फ्लाइट में 10 प्रतिशत कटौती, रोज 200-200 उड़ानें कम।
- 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड, सुरक्षा नियमों के उल्लघन का आरोप
- इंडिगो के स्लॉट, दूसरी एयरलाइंस को ट्रांसफर।

सुविचार

आशा और विश्वास कभी गलत नहीं होते। यह हम पर निर्भर है कि हमने आशा किससे की और विश्वास किस पर किया। - अज्ञात

वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध क्यों

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में संयुक्त संसदीय समिति के कार्यकाल को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। गौरतलब है कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिए जेपीसी का गठन किया गया है जो लोकसभा चुनाव के साथ ही सभी प्रदेशों की विधानसभा चुनावों को एकसाथ कराने से संबंधित विधेयकों की जांच कर रही है। इस समीति ने अभी तक वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर संविधान विशेषज्ञों, विधि आयोग और प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा करके उनके सुझाव ले लिये हैं। किन्तु जेपीसी में ही इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन पा रही है। जेपीसी में शामिल विपक्षी पार्टियों के नेता वन नेशन वन इलेक्शन लगातार विरोध कर रहे हैं। संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आयोजित बैठक में भी राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने वन नेशन वन इलेक्शन का प्रबल विरोध किया और कहा कि यह मॉडल भारतीय संविधान की मूल संरचना को प्रभावित करने वाला है और संघीय ढांचा को कमजोर करेगा और इससे राज्यों के अधिकारों का हनन होगा। उल्लेखनीय है कि जब से केन्द्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए समिति का गठन किया है तभी से विपक्ष इस अवधारणा का विरोध कर रहा है जिसकी वजह से बेल मुंडेर पर नहीं चढ़ पा रही है। वन नेशन वन इलेक्शन का विपक्ष द्वारा विरोध समझ से परे है। दरअसल विपक्षी पार्टियों को खासतौर पर क्षेत्रीय पार्टियों को यह आंशका सता रही है कि यदि लोकसभा के साथ ही सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से राष्ट्रीय पार्टियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों को इसका नुकसान उठाना पड सकता है क्योंकि फिर पूरे देश का चुनाव राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर लड़े जाएंगे। जिनके सामने क्षेत्रीय मुद्दे कमजोर साबित होंगे ऐसी स्थिति में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के कारण क्षेत्रीय पार्टियों को दिक्कतों का समाना करना पड़ेगा। एक साथ दो चुनाव लड़ने के लिए उनके पास संसाधनों का भी टोटा हो जाएगा। यही वजह है कि क्षेत्रीय पार्टियां वन नेशन वन इलेक्शन के लिए तैयार नहीं है। जबकि सरकार का कहना है कि इससे चुनाव पर होने वाले भारी भरकम खर्च में कमी आएगी और हर साल दो साल में कोई न कोई चुनाव होने की वजह से जो सरकारी कामकाज प्रभावित होता है और आचार सहिंता लगने के कारण विकास कार्यों पर विराम लगता है वह सब दिक्कतें इससे दूर हो जाएंगी। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को भी सुविधा होगी। अब वे पांच साल में एक बार मतदान कर देश और प्रदेश की सरकार चुन पाएंगे। बहरहाल वन नेशन वन इलेक्शन की राह आसान नहीं लग रही है।

एसआईआर की सीमा बढ़ाना उचित निर्णय

चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और बंगाल सहित 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कराई है। अब चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के अलावा पांच राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी है। वैसे तो इन राज्यों में पूर्व निर्धारित समय सीमा के भीतर भी एसआईआर का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है लेकिन कुछ मतदाताओं के अन्यत्र पलायन कर जाने के कारण एसआईआर का काम प्रभावित हो रहा है। इसी दिक्कत को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग ने एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने का फैसला लिया है जो स्वागत योग्य है। वाकई एसआईआर के काम में बीएलओ को जमानी स्तर पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए उनपर काम का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। अनुपस्थित और स्थानांतरित मतदाताओं की खोज खबर लेना उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है अब एसआईआर की समय सीमा बढ़ने से यह काम सुचारू रूप से हो पाएगा और किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूट पाएगा। इस काम में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों अर्थात् बूथलेबल एजेन्ट को भी सहयोग करना चाहिए किन्तु देखा जा रहा है कि बीएलए इस काम में उतनी रूचि नहीं ले रहे हैं और बाद में जब किसी का नाम छूट जाएगा या कट जाएगा तो ये हो हल्ला मचाएंगे। बेहतर होगा कि बीएलए भी इस काम में सक्रिय सहभागिता दर्ज करायें।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ तुम्हारा चिंतन तुम्हारी भाव धारा जब एक महापुरुष से जुड़ती है, महाशक्ति से जुड़ती है; 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' अपने उस अंशी से अंश से जुड़ जाता है, अंश का अंशी से जुड़ जाता है उसी समय तुम अनंत हो जाते हो। जब तक अंशी से अंश अलग है तब तक क्षुद्र है, जब तक बूंद बिंदु सिंधु से अलग है तब तक उसे एक धूल भी मिटा दे, तब तक उसे धूप की एक किरण भी सुखा दे, तब तक उसे हवा भी उड़ा दे लेकिन जैसे ही वह बिंदु सिंधु में मिली अब आओ तुम कौन ? धूल कौन ? हवा कौन सागर को मिटा सकता है? कौन सागर को सुखा सकता है? श्री कृष्ण और श्री गुरु से 'तुम्हारे जुड़े विचार; तुम बिंदु हो वो सिंधु है, तुम भी सिंधु हो जाते हो, कोई सुखा नहीं सकता, कोई मिटा नहीं सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1882 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का बांग्ला उपन्यास 'आनंद मठ' प्रकाशित'। 1911 : कलकत्ता (अब कोलकाता) की बजाय दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का ऐलान किया गया। 1940: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ शरद पवार का जन्म हुआ। 1950 : दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे और बेहद लोकप्रिय अभिनेता रजनीकांत का जन्म। रजनीकांत उनका फिल्मी नाम है, जबकि उनका वास्तविक नाम शिवाजी राव गायकवाड़ है।1958 : विल्सन जोन्स अमेच्यर बिलियर्ड्स में विश्व चैंपियन बने। 1964 : ब्रिटेन से आजादी के एक वर्ष बाद केन्या एक गणराज्य बना। 1988 : दक्षिण लंदन में तीन रेलगाड़ियां आपस में टकरा जाने से 35 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक सौ से ज्यादा लोग घायल हुए। 2005 : प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म निर्देशक तथा ख्यातिप्राप्त धारावाहिक 'रामायण' के निर्माता रामानन्द सागर का निधन हुआ। 2009 : डेमोक्रेटिक नेता एनीस पार्कर की जीत के साथ ही ह्यूस्टन उस समय का अमेरिका का सबसे बड़ा शहर बन गया, जिसने एक समलैंगिक को अपना मेयर चुना।

डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

ऐसे ग्रेजुएट्स हमारे ही बच्चे हैं अत: बेहतर तो यह होगा कि जिन देशों से भारतीय विद्यार्थी पढ़ कर आते हैं, वहां तथा भारत के मेडिकल पाठ्यक्रमों का राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद तुलनात्मक विश्लेषण कर चिन्हित अंतरों या गैप के आधार पर इन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के लिए ब्रिज पाठ्यक्रम तैयार करवावे द्य आवश्यकतानुसार 6-12 माह की अवधि के इस सशुल्क ब्रिज पाठ्यक्रम को देश के चिन्हित सरकारी महाविद्यालयों को संचालित करने की ज़िम्मेदारी दी जा सकती है । विदेश से पढ़कर आने वाले हर मेडिकल ग्रेजुएट के लिए इस ब्रिज पाठ्यक्रम को पूर्ण व उत्तीर्ण करना बाध्यताकारी हो। इससे विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के ज्ञान, दक्षता, कौशल व प्रशिक्षण के स्तर में जो कुछ भी कमियां रह गई होंगी उन्हें दूर करने में मदद मिल सकेगी द्य 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को उत्तीर्ण करने की पात्रता पूर्ण करने सफलता दर बढ़ सकेगी द्य इससे अंतत: हर वर्ष अधिक चिकित्सक भारत को मिल सकेगें।

अनिश्चित भविष्य से जूझते विदेशों से पढ़कर लौटे मेडिकल ग्रेजुएट्स

हर वर्ष हजारों की संख्या में भारतीय विद्यार्थी विदेशों में मेडिसिन की पढ़ाई करने जाते हैं। भारत में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सीट प्राप्त करने के लिए कड़ा मुक़ाबला करना होता है और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में लगने वाली भारी-भरकम फीस व अन्य ख़र्च को वहन करने की क्षमता न होने के कारण हजारों विधार्थी उन देशों के चिकित्सा महाविद्यालयों में पढने जाते हैं, जहाँ से उन्हें भारत के निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की तुलना में काफी कम ख़र्च में मेडिकल डिग्री हासिल हो जाती है। परन्तु विडम्बना यह है कि विदेश से मेडिकल डिग्री लेकर वापिस लौटने के बाद अपने ही देश में इन्हें कई बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जिसमें कठिन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा, इंटर्नशिप के अवसरों की कमी तथा नौकरी प्राप्त करने में भेदभाव वाला बर्ताव शामिल है।

भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद् से मान्य 431 सरकारी व 349 निजी चिकित्सा महाविद्यालय हैं द्य इन महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम लगभग 1 लाख 28 हजार सीटें हैं जिन पर प्रवेश के लिए गत वर्ष आयोजित प्रवेश परीक्षा नीट में 23 लाख से ज़्यादा इस विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कड़े मुकाबले के कारण सरकारी महाविधालयों में प्रवेश न मिल पाने तथा विदेश में यह पढाई काफी किफायती होने के कारण हर साल औसतन 25 हज़ार विद्यार्थी विदेशों में मेडिकल कोर्स करने चले जाते हैं। हालांकि, भारत लौट कर बतौर चिकित्सक नौकरी या प्रेक्टिस करने की मंशा से विदेश में चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालयों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद् ने वर्ष 2020 से भारत में आयोजित नीट की परीक्षा को उत्त्तीर्ण करना ज़रूरी कर दिया है । विदेश में मेडिकल की पढ़ाई पूर्ण करने में लगभग 35 से 45 लाख रुपये तक का व्यय करना पड़ता है, जिसमें पढाई की कुल अवधि का शिक्षण शुल्क, आवास-भोजन, वीज़ा, एजेंट कमीशन आदि शामिल है। इसकी तुलना में भारत में निजी चिकित्सा महाविधालय से डिग्री हासिल करने हेतु पढाई की कुल अवधि में लगभग 70 से 110 लाख रुपये व्यय करना पड़ जाता है ।

विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करके लौटने वाले विद्यार्थियों के लिए भारत में प्रैक्टिस करने या नौकरी पाने के रास्ते में कई रुकावटें है। पहले तो इन्हें राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद् द्वारा आयोजित की जाने वाली 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होता है। हालांकि, पाँच विकसित देशों ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से पढ़ कर आने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स को इस परीक्षा में शामिल होने की बाध्यता से छूट है । इस परीक्षा में विधार्थियों के सफल होने की दर औसतन 15–20त्न ही होती है द्य अलग-अलग देशों से पढ़ कर आये मेडिकल ग्रेजुएट्स के द्वारा इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों की दरें अलग-अलग होती है। 2024 में बांग्लादेश के 26%, फिलीपींस के 24%, रूस के 24%, यूक्रेन के 21%, नेपाल के 19त्न, बेलारस के 19%, चीन के 15त्न, मारिशस के 15त्न, अर्मेनिया के 11%, मॉरिशस के 15% मेडिकल ग्रेजुएटस ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाये थे द्य परीक्षा पास न कर पाने के कारण हज़ारों की संख्या में विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल कर चुके भारतीय विद्यार्थी बेरोज़गारी की अवस्था में है या अन्य प्रकार के कम तनख्वाह के या अपने शैक्षणिक स्तर से नीचे के रोज़गार को करने के लिए मजबूर हैं ।

इस परीक्षा के उत्तीर्ण विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट को रजिस्ट्रेशन कराने के बाद 1 वर्ष की इंटर्नशिप या रेजिडेंसी प्रोग्राम करना ज़रूरी है। यह भी इतना आसान नहीं है द्य बहुत से निजी मेडिकल कॉलेज इस हेतु 4 से 6 लाख रुपया तक वसूलते हैं। सरकारी चिकित्सा महाविधालय में अपवाद को छोड़ कर ऐसी कोई राशि इंटर्न को नहीं देना होता है द्य यद्दपि विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट के लिए तमिलनाडू में तीन सरकारी मेडिकल कॉलेज तय हैं जिनमें तीन लाख रुपये की फीस देकर इंटर्नशिप की जा सकती है । इस रेजिडेंसी प्रोग्राम या इंटर्नशिप के बाद भी विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी को भारतीय मेडिकल ग्रेजुएट से मुक़ाबला करना पड़ता है क्योंकि कई रोजगार-प्रदाता इनकी विदेशी मेडिकल डिग्री को मान्यता नहीं देते हैं या उन्हें ज्ञान व कौशल में कमतर मानकर उनसे भेदभाव करते हैं ।

यह सही है कि भारतीय चिकित्सा महाविधालय में निकले ग्रेजुएट्स की तुलना में इन विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स में ज्ञान, कौशल और प्रशिक्षण का गैप रह जाता है द्य जिस देश में वे पढ़ चुके होते हैं वहाँ बीमारियों के फैलने के मामले, क्लिनिकल प्रैक्टिस प्रोटोकोल्स अलग-अलग हो सकते हैं। जिन देशों में मलेरिया, डेंगू, टायफाइड जैसी बीमारियों के मामले कम होते हैं, वहां उनकी पढ़ाई कम होती हैद्य कुछ विदेशी मेडिकल कॉलेजों में पाठ्यक्रम में प्रिवेंटिव और कम्युनिटी मेडिसिन पर ज़ोर नहीं दिया जाता ।

विदेश से आने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स के विषय में एक धारणा यह भी है कि वे अमीर पालकों की संतान होते हैं जबकि यह सच नहीं है । विदेश जाकर मेडिकल की पढ़ाई करने वाले अधिकतर विद्यार्थी मध्यम आय वर्ग के होते हैं द्य सरकारी महाविधालयों में सीट न मिलने पाने विधार्थियों के अमीर वर्ग के पालक तो अपनी संतानों को भारत में ही निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में ऊँची ऊँची फ़ीस देकर अपने बच्चों की पढ़ाई करवा लेते हैं । एनआरआई और मैनेजमेंट कोटा भी भारत में निजी चिकित्सा महाविधालयों में उन विधार्थियों के लिए प्रवेश का आसान माध्यम है जिनके धनाड्य पालक 1 करोड़ से अधिक फीस आसानी से अदा कर सकते हों, भले ही नीट में उनके अंक बहुत ही कम आये हों ।

ऐसी स्थिति में विदेशी चिकित्सा महाविधालयों से पढ़ कर आये ग्रेजुएट्स को उनके तथा भारत के चिकित्सा पाठ्यक्रम की तुलना कर उनमें अंतरों या गैप की प्रतिपूर्ति अतिरिक्त पढाई से कर लेनी चाहिए ताकि 'विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा' को उत्तीर्ण होने में उन्हें सुविधा हो।

रवि कुमार माँझी

खनिज सुरक्षा साझेदारी में भारत का सम्मिलन, IMEC ढांचे का अंतिम चरण, और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक सार्वजनिक-संपदा के रूप में प्रस्तुत करना ये सभी कदम भारत को वैश्विक प्रणाली में एक नियम-निर्माता के रूप में स्थापित करते हैं।

दरअसल, उपलब्ध आँकड़े साबित करते हैं कि भारत की विदेश नीति अब एक धुरी चुनने पर आधारित नहीं है, बल्कि कई धुरियों पर संतुलन साधने पर केंद्रित है। वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत की यही रणनीति उसे न केवल स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि उसे उभरती विश्व-व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता भी रखती है।

बहुधुरी कूटनीतिः आंकड़ों में दिखता भारत का बदलता वैश्विक प्रभाव

वैश्विक शक्ति-संतुलन लगातार बदल रहा है। एक ओर पश्चिमी प्रतिबंधों और टैरिफ़ नीतियों का दबाव है, दूसरी ओर यूरेशियाई भू-राजनीति के तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे दौर में भारत ने बहुधुरी कूटनीति को एक रणनीतिक ढांचे के रूप में अपनाया है जिसकी झलक हालिया आँकड़ों में साफ दिखाई देती है। ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत ने अपनी स्थिति अत्यंत व्यावहारिक रखी है। वर्ष 2024 में भारत का लगभग 40 प्रतिशत कच्चा तेल रूस से आयात हुआ, जिसने वैश्विक तेल बाज़ार की अस्थिरता के बीच घरेलू ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि 2025 के अंत तक रूसी तेल आयात घटकर 6 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया जो तीन वर्षों का न्यूनतम है, फिर भी यह भारत की विविधीकृत ऊर्जा रणनीति का संकेत है। गैस क्षेत्र में भी क़तर-भारत के बीच 78 बिलियन डॉलर का 20 वर्ष का Liquefied Natural Gas करार दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करता है। रक्षा एवं तकनीक में भी भारत का संतुलन स्पष्ट है। घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों से 2024-25 में भारत के रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचे। दक्षिण-पूर्व एशिया को ब्रह्मोस की आपूर्ति यह दर्शाती है कि भारत धीरे-धीरे उपभोक्ता से सुरक्षा-प्रदाता की भूमिका में परिवर्तित हो रहा है।

दूसरी ओर, भारत-अमेरिका साझेदारी में तकनीक और अंतरिक्ष सहयोग के नए अध्याय खुल रहे हैं, लेकिन व्यापारिक आयाम चुनौतियाँ भी पेश करते हैं। अगस्त 2025 में अमेरिका ने चुनिंदा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ़ लगा दिया, जो आने वाले वर्षों में भारत की निर्यात रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

चीन के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में असंतुलन अधिक गंभीर है। वर्ष 2020ङ्क21 से 2024-25 के बीच भारत का चीन को निर्यात 33 प्रतिशत घटा, जबकि चीन से

आयात 74 प्रतिशत बढ़ा। इसके साथ ही चीन द्वारा तिब्बत के आसपास 600 से अधिक 'शियाओकांग' (सर्वसुविधायुक्त) बस्तियों का निर्माण, सीमा-क्षेत्रीय चुनौतियों को और जटिल बनाता है।

भारत की बहुधुरी नीति का सबसे उभरता आयाम ग्लोबल साउथ है। भारत ने 2024 में आयोजित वॉयस ऑफग्लोबल साउथ समिट में 123 देशों को साथ लाकर एक व्यापक मंच तैयार किया। त्न20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलवाना भारत की कूटनीतिक सफलता का उल्लेखनीय उदाहरण है। तुलना के लिए, चीन ने स्नह्रष्ट 2024 में अफ्रीका को 50.7 बिलियन डॉलर की सहायता की घोषणा की जबकि भारत की रणनीति डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर साझा करने जैसी क्षमता-निर्माण पहलों पर आधारित है, न कि भारी वित्तीय सहायता पर।

व्यापार समझौतों के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है। भारत European Free Trade Association के तहत 100 बिलियन डॉलर का निवेश लक्ष्य तय हुआ है, लेकिन दूसरी ओर Free Trade Association साझेदार देशों के साथ व्यापार घाटा 2025 की दूसरी तिमाही में 23 प्रतिशत से बढ़कर 26.7 बिलियन डॉलर पहुँच गया। UAE से आयात 70.37 प्रतिशत बढ़ने से 3.5 बिलियन डॉलर का व्यापार घाटा उत्पन्न हुआ जो भारत की FTA नीतियों की समीक्षा की आवश्यकता बताता है। पड़ोस में भी चुनौतियाँ उभरती रही हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत की प्रमुख परियोजनाएँ जैसे अखौरा-अगरतला रेल लिंक और ढाका-टोंगी-जॉयदेबपुर कॉरिडोर देरी और लागत-वृद्धि से प्रभावित हुई हैं, जिससे क्षेत्रीय संपर्कता पर असर पड़ सकता है। इन चुनौतियों के बावजूद, बहुधुरी कूटनीति भारत को अवसर भी प्रदान कर रही है। खनिज सुरक्षा साझेदारी में भारत का सम्मिलन, IMEC ढांचे का अंतिम चरण, और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक सार्वजनिक-संपदा के रूप में प्रस्तुत करना ये सभी कदम भारत को वैश्विक प्रणाली में एक नियम-निर्माता के रूप में स्थापित करते हैं।

दरअसल, उपलब्ध आँकड़े साबित करते हैं कि भारत की विदेश नीति अब "एक धुरी चुनने" पर आधारित नहीं है, बल्कि "कई धुरियों पर संतुलन" साधने पर केंद्रित है। वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत की यही रणनीति उसे न केवल स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि उसे उभरती विश्व-व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता भी रखती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब घंटो इंतजार में

जब घंटो इंतजार में बिताते थे तेरे आते ही चेहरे खिल जाते थे फिर रुसवा होता था हर बार तू हर बार हम ही तुम्हे मनाते थे। धीरे धीरे मुस्कान आंसू में बदली हम नादान थे फ़िर भी पगले से जो कहा तूने पत्थर की लकीर थी हर बार अपनो से रिश्ते तोड़ लेते थे। जिसे जो कहने को कहते कह देते पर साथ मिला न किसी कीमत पर बेबसी बदली खीज मे खीज चीख में चीख फिर मौन हो गई और शून्य मैं।

- इंदु वत्स

अख्खड़ सी थोड़ी

अख्खड़ सी थोड़ी शैतान हूँ तो कभी नादान हूँ अपनों की नज़र का अपनी पहचान हूँ.. गुज़र जाए दिन बीत गए कई साल... एक उम्र बीती अपनी अपना ही अंदाज़ हूँ... थोड़ी सी सिरफिरी थोड़ी सी बेपरवाह हूँ रहती हूँ अपने संग लेकिन अपनों में... बेशुमार हूँ... अपने उसूलों का अपने आईने का ज़िंदगी का क़िरदार हूँ... कि प्रेम रंग में घुल, प्रेम से परे एहसासो के घेरे में समैं प्रेम हूँ..!!

- नंदिता तनूजा

आश्रय सूखे पेड़ से, पाती नन्ही जान

आश्रय सूखे पेड़ से, पाती नन्ही जान। हरी पत्तियां गा रहीं,नये जीवन का गान।। आंधी में भी है खड़ा, सूखा वृक्ष विशाल। घर पक्षी का बन गई,उसकी सूखी ड़ाल।। - **शालिनी शर्मा**

तुमको पछतावा होगा क्या? अपनी की

तुमको पछतावा होगा क्या? अपनी की उन भूलों पर, हाथ रखा क्यों तुमने अपना? जहरीले उन शूलों पर। बार बार की गलती को तुम दोहराना अब बंद करो, कह दो चलना सीख लिया है अपने बने असूलों पर।।

- संजय कुमार गिरि

कभी-कभी ज़िंदगी हमसे

कभी-कभी ज़िंदगी हमसे सिर्फ एक ही सवाल पूछती है- "तुम कितनी बार उठे?" गिरना तो हर किसी की कहानी है लेकिन उठना? वो सिर्फ बहादुरों का हिस्सा होता है। इस कविता ने सच में दिल छू लिया मकड़ी की कोशिश, शेर का आत्मविश्वास, और लाचित बोरफूकन की आग– इन सबमें एक ही बात छिपी हैः लड़ोगेज तभी जीतोगे। **- राम किशोर उपाध्याय**

ज़िंदगी का गणित बड़ा सीधा-सा है

ज़िंदगी का गणित बड़ा सीधा-सा है जहाँ जोड़ना चाहिए वहाँ लोग घटाने लगते हैं, जहाँ बांटना चाहिए, वहाँ सब अपने हिस्से का बचाने लगते हैं। ज़िंदगी का हिसाब यह सिखाता है कि ज़िंदगी उतना ही खुबसूरत है जितना हम उसके सवालों को मुस्कुराकर हल कर लेते हैं। **- मीनाक्षी सिंह**

तुम्हारा दिल हुआ जो धाम है इसका

तुम्हारा दिल हुआ जो धाम है इसका बताओ क्या मुहब्बत नाम है इसका बुरा किसको कहें ग़लती हमारी थी ये दुनिया है यही तो काम है इसका मुहब्बत कर तो ली तुमने मगर देखो भुगतना तुमको ही अंजाम है इसका वफ़ा करके मिलेगी बेवफ़ाई ही ज़माने भर में किस्सा आम है इसका बहेंगे अश्क आँखों से तुम्हारी बस ये तन्हाई फ़क़त ईनाम है इसका।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से श्रेष्ठ आंकेंगे मनमाना व्यवहार करने से आस पास रहने वालों को असुविधा होगी व्यर्थ की बहस भी होगी।

वृषः आज भी मध्यान तक का समय गरमा गरमी वाला रहेगा आपके द्वारा किये कार्य सही दिशा में नही जाएंगे। महिलाओ में आत्मबल अधिक रहेगा लेकिन ईर्ष्या के कारण कार्य मे गड़बड़ करेंगी।

मिथुनः आज के दिन आप ना चाहकर भी व्यर्थ के झगड़ो में पड़ेंगे मन मे अहम की भावना गलती करने पर भी झुकने नही देगी। लंबी यात्रा आज ना करें ठंडे प्रदार्थो से परहेज रखें।

कर्कः आप आज के दिन किसी बहुप्रतीक्षित कार्य को लेकर बेचैन रहेंगे अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें। अविवाहितो के लिए रिश्ते आएंगे।

सिंहः आज मध्यान तक स्थिति आपके पकड़ में रहेगी इसके बाद पुरानी बात को लेकर किसी से झगड़ा होने पर मानसिक अशांति बनेगी। महिला वर्ग अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रस्त रहेंगी।

कन्याः आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

तुलाः आज का दिन परिश्रम साध्य रहेगा मध्यान तक मेहनत का फल ना मिलने पर क्रोध आएगा। संध्या बाद स्थिति पक्ष में आने लगेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपको राज समाज से लाभ के साथ-सातः मान-सम्मान भी दिलाएगा। कारोबारी लोग रुके हुए कार्य सहायता मिलने से पूर्ण कर सकेंगे। जननेंद्रित संबंधित समस्या रह सकती है पानी अधिक पियें।

धनुः आज का दिन उठापटक वाला रहेगा खर्च आज अनियंत्रित होंगे। दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी। भाग्योदयकारक समय रहेगा।

मकरः आज भी मध्यान तक व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ेगी लेकिन नतीजा निराशाजनक ही रहेगा जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे ही विलंब के साथ कुछ ना कुछ कमी रहेगी।

कुंभः आज का दिन शारीरिक रूप से प्रतिकूल रहेगा। आकस्मिक दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से शारीरिक कष्ट पहुँच सकता है। हाथ पैरों में भी शिथिलता रहेगी जिससे दैनिक कार्य कुछ प्रभावित रहेंगे।

मीनः आज का दिन लाभदायक रहेगा अकारण क्रोध से बचे अन्यथा लाभ के अवसर का फायदा कम मिलेगा।

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) स्कारबोरो शोल, जो समाचारों में देखा गया था, किस सागर में स्थित है?

5) हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी पतंगा, एटलस मॉथ , किस राज्य में देखी गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) बिहार (4) दक्षिण चीन सागर (5) कर्नाटक

शब्द सागर

झूठ बोलकर झांसेबाज ने रचाई चौथी शादी : पत्नी को लगाया 32 लाख का चूना

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व में तीन शादी कर चुके आरोपी ने झूठ बोलकर चौथी बार भी शादी कर ली। चौथी पत्नी से लाखों रुपए लेकर फरार हो गया। आरोपी हमेशा समाचार पत्र में शादी का झूठा विज्ञापन छपाकर महिलाओं से धोखेबाजी करता था। पीड़िता की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। बार-बार ठिकाना बदल कर रहने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी बिरेन कुमार सोलंकी पिता चमन सिंह सोलंकी, निवासी तरातमा बंगलोत प्लॉट नंबर 2 शिवम पार्क कच्छ थाना भुज गुजरात ने अपनी पहचान छिपाकर व पूर्व में की गई शादी की जानकारी दिये बिना उससे शादी की थी। फरवरी 2022 को आरोपी ने चौथी पत्नी से 2 लाख रुपए ले लिए। जनवरी 2024 में 6 लाख रुपए की मांग की।

पीड़िता ने बैंक से लोन लेकर आरोपी पति को रकम दी। इस रकम की किस्त व ब्याज चौथी पत्नी अभी तक भर रही है। शादी के बाद पैसे की जरूरत पड़ने पर आरोपी ने पीड़िता के गहने गिरवी रखकर 1,30,000 का गोल्ड लोन लिया था। गोल्ड लोन की किस्त भी उसकी पत्नी ही जमा कर रही है। बिरेन कुमार सोलंकी ने उससे गूगल पे और अकाउंट पे के माध्यम से 18 लाख रुपए ले चुका है। वह जब भी दुर्ग आता तो साथ में रकम लेकर जाता था। जानकारी के अनुसार आरोपी अपनी पत्नी से कुल 32 लाख रुपए ले चुका है। वर्ष 2024 में आरोपी दुर्ग आया और पीड़िता की अनुपस्थिति में 12 लाख रुपए लेकर चला गया। पीड़िता ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी अपना परिचय बदलकर ठिकाना बदलते हुए छिपकर रहने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने मोहन नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बिरेन कुमार सोलंकी ने पीड़िता को अविवाहित होने और प्राइवेट कंपनी में उच्च पद पर पदस्थ होने की जानकारी देकर ब्याह किया था। उसके झांसे में आकर पीड़िता शादी के लिए तैयार हो गई।

आरोपी दुर्ग आता था और दोनों कुछ दिन एक साथ रहते थे। दो-चार दिन रहने के बाद बिरेन वापस गुजरात चला जाता था।

एमसीएक्स में 7 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर 50 लाख की ठगी

- **दुर्ग पुलिस ने दूसरे आरोपी को ओडिशा में किया गिरफ्तार**
- **एक आरोपी की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी**

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने एमसीएक्स में 3 से 7 प्रतिशत मासिक मुनाफे का झांसा देकर 49.50 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी संबलपुर के भानुपाली का निवासी है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। नेवई थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं को खुद को एमसीएक्स कंपनी का स्टाफ बताकर ठग लिया। निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उन्होंने फर्जी बॉन्ड पेपर दिए और अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराए। वादे के मुताबिक लाभांश न मिलने पर पीड़ितों ने नेवई थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने पहले आरोपी प्रकाश चंद्र पाढी को 25 सितंबर को ओडिशा के संबलपुर से गिरफ्तार किया था। प्रकाश केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद है। इस मामले में शामिल दूसरा आरोपी संतोष कुमार आचार्य (44) पहले से ही एक मामले में गिरफ्तार होकर संबलपुर की सर्किल जेल में बंद था। जानकारी मिलने पर दुर्ग पुलिस ने न्यायालय की अनुमति लेकर एक टीम ओडिशा भेजी। संतोष आचार्य को विधिवत गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया और अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409, 34 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में अन्य संभावित पीड़ितों से भी पूछताछ कर रही है। आरोपियों के बैंक ट्रांजेक्शन, फर्जी दस्तावेजों और संदेहास्पद लेन-देन की जांच जारी है।

दुर्ग पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे इस तरह के निवेश प्रलोभनों से बचें। किसी भी लाभांश-आधारित स्कीम में पैसा लगाने से पहले उसकी वैधता और विश्वसनीयता की गहन जांच करना बेहद आवश्यक है। पुलिस ने निवेश ठगी के मामलों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

अब बीएसपी टाउनशिप की आउटसोर्सिंग की तैयारी

भिलाई। बीएसपी में निजीकरण का पूरा प्लान तैयार कर लिया है। बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 व सेक्टर 10 और बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर 6 को दीर्घकालिक लीज पर देने के लिए 13 दिसंबर तक आवेदन मंगाया गया है। इसी तरह मैत्रीबाग को आऊटसोर्सिंग में देने के लिए 22 नवंबर को एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट जारी किया गया। प्लांट के अंदर इंजीनियरिंग शॉप्स, टीएंडडी, मिल्स के शिपिंग सेक्शन, स्टोर्स डिपार्टमेंट, फायर सर्विसेस, टेलिकॉम व प्लांट गैरेज भी आऊटसोर्सिंग पर देने की तैयारी चल रही है। टाउनशिप भी आऊटसोर्सिंग की लाइन में है। रिटेंशन स्कीम, लाइसेंस स्कीम के आवासों का किराया बढ़ाकर इन्हें खाली कराने मैनेजमेंट ने स्ट्रेटेजिक आऊटसोर्सिंग की शुरुआत कर दी है। थर्ड पार्टी को टाउन सर्विसेस की ओर से नोटिस भेजा जा रहा है। नोटिस में आवास की बकाया राशि का भुगतान कर प्रबंधन को आवास वापस सौंपने के लिए त्वरित कार्यवाही करने कहा गया है।

कमिश्नर ने सरस्वती नगर पीएम आवास के बचे कार्य पूरा करने के दिये निर्देश

दुर्ग। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए सभी एजेंसियों को इस माह के अंत तक कार्य प्रगति में सुधार लाने कहा। अधिकारियों व कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप करने के निर्देश दिए गए। ताकि आवास निर्माण व अनुमोदन कार्य में किसी भी प्रकार की देर न हो। कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित अवधि में हर हाल में सरस्वती नगर साइट का कार्य पूरा किया जाए। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल राजेश ठाकुर, इंजीनियर हरिशंकर साहू व एजेंसियों के कर्मचारी उपस्थित थे।

बीएसपी में ठेका श्रमिक झुलसा

भिलाई नगर। भिलाई स्टील प्लांट में बी-शिफ्ट के दौरान एक गंभीर हादसे में ठेका श्रमिक बुरी तरह झुलस गया। कोक ओवन विभाग के कोक केमिकल डिपार्टमेंट में कार्य के दौरान ठेका श्रमिक के झुलसने से विभाग में अफरा-तफरी मच गई। ठेका श्रमिक महेंद्र डिस्टिलेशन कॉलम के पास काम कर रहा था। अचानक स्ट्रिप्ड लिकर के संपर्क में आने से वह गंभीर रूप से जल गया। घटना के बाद ठेका कंपनी सरकार ग्रु प के सुपरवाइजर विकास और शेखर ने तत्काल गंभीर रूप से घायल महेंद्र को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

एसआईआर कार्य में लापरवाही स्वच्छता पर्यवेक्षक निलंबित

भिलाईनगर। नगर निगम क्षेत्र में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चल रहा है। एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर जोन 5 सेक्टर 6 में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक माया बीके को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। भिलाई नगर के बीएलओ धनबहादुर सोनी भाग संख्या 54 के पिता का निधन होने के कारण स्वच्छता पर्यवेक्षक माया बीके की ड्यूटी लगाई गई थी। सहयोग के लिए एक अतिरिक्त कर्मचारी भी दिया था, किंतु उन्होंने कार्य करने से मना कर दिया। पूर्व बीएलओ व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समझाइश देने के बावजूद भी कार्य में रुचि नहीं ली गई। बिना सूचना के मतदान केन्द्र में अनुपस्थित रही और मोबाइल नंबर बंद कर दिया। निर्वाचन कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के कारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने माया बीके को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब न मिलने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

दुर्ग निगम ने लॉन्च किया 'कर्तव्य' ऐप, कर्मचारियों की उपस्थिति अब ऑनलाइन

महापौर, आयुक्त, सभापति ने किया 'कर्तव्य' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

- **1800 निगम कर्मचारियों की उपस्थिति से लेकर अवकाश आवेदन अब डिजिटल**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग में कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यकुशलता और पारदर्शिता बढ़ाने ऑनलाइन मोबाइल ऐप 'कर्तव्य' का शुभारंभ किया गया। आज महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल और सभापति श्याम शर्मा ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से ऐप लॉंच किया। स्वास्थ्य विभाग के प्लेसमेंट, एमसीसी और फील्ड वर्कर कर्मचारियों को दिन में तीन निर्धारित समय सुबह 6 से 6:30 बजे, 10 से 10:30 बजे और दोपहर 1:45 से 2:15 बजे के बीच उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था से फील्ड कर्मचारियों की गतिविधियों की बेहतर निगरानी हो सकेगी और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। निगम के लगभग 1800 कर्मचारियों का पंजीयन इस ऐप में किया जा चुका है। कर्तव्य ऐप के माध्यम से पे-रोल विवरण, उपस्थिति रिकॉर्ड, अवकाश आवेदन सहित अनेक सुविधाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। इससे कर्मचारियों का समय बचेगा और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि 'कर्तव्य' ऐप निगम प्रशासन के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे फील्ड में होने वाले कार्यों पर बेहतर नियंत्रण और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल प्रणाली अपनाने से कर्मचारी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। समय प्रबंधन, उपस्थिति और कार्यक्षमता पर ऐप का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

लॉन्चिंग कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद सरिता चंद्राकर, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, खिलावन मटियारा, नीरा खिचरिया, मनीषा सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

उद्यान का गेट उखाड़कर ले गए असामाजिक तत्व, आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम भिलाई जोन-5 के अंतर्गत उद्यान, वाटर एटीएम, पेवर ब्लाक सहित डोम शेड का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे भी मौजूद रहे। सेक्टर 4 सड़क स्थित उद्यान एवं मां कर्मा उद्यान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक संधारण कार्य करने उप अभियंता शंकर सुमन मरकार को निर्देशित किया गया। असमाजिक तत्वों द्वारा उद्यान का गेट चोरी करने की जानकारी मिलने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये गए। सड़क 26 स्थित उद्यान में असमाजिक तत्वों द्वारा रात में नशा करने की शिकायत स्थानीय निवासियों ने की। आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों व उद्यानों में नशा करते पाए जाने पर पुलिस हेल्प लाईन नंबर 100 या 112 पर शिकायत दर्ज कराने कहा। सेक्टर 4 में सड़क किनारे स्थानीय नागरिक द्वारा कचरा जलाने पर तत्काल बुझाने कहा गया। आयुक्त ने शहर में कचरा जलाने व फैलाने पर चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

एसएनजी स्कूल के पास विधायक निधि मद अंतर्गत 4 लाख की लागत राशि से वाटर एटीएम लगाया गया है। आयुक्त ने एटीएम का अवलोकन किया। वाटर एटीएम वर्तमान में बंद पाया गया, जिसे चालू कराने निर्देशित किया गया। सेक्टर 4 पोस्ट आफिस के पास विधायक निधि से 7 लाख की लागत राशि से वाटर एटीएम का अवलोकन किया गया। सड़क 26 में स्थानीय नागरिक द्वारा अवैध निर्माण कर खटाल संचालित किया जा रहा है। पूर्व में बीएसपी प्रबंधन ने खटाल को हटाया था। यहां दोबारा खटाल संचालन किया जा रहा है। खटाल संचालक को अवैध निर्माण हटाने कहा गया। न हटाने पर कार्यवाही की जाएगी।

सेक्टर 4 ए मार्केट में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने निर्देशित किया गया। मार्केट की नालियों की साफ-सफाई के लिये बीएसपी से पत्राचार करने के निर्देश दिये गए। सेक्टर 4 में दो स्थलों पर पूर्व से डोम शेड स्वीकृत है, पूर्व से निर्मित छोटे डोम शेड को व्यवस्थित करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, स्वच्छता निरीक्षक सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

145 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

भिलाई नगर/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना (एएचपी) घटक की लाटरी नगर निगम भिलाई सभागार कक्ष में निकाली गई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद नोहर वर्मा, सत्या देवी जायसवाल व आवास विभाग के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 145 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई। नगर निगम क्षेत्र में कुल निर्मित/निर्माणाधीन मकानों की संख्या 1749 है, जिसमें से 1053 आवासों आबंटित किया जा चुका है। शेष 696 मकानों में वन्दे मातरम कुरूद 26 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद 11 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 1 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर 3 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया 45 मकान, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया 59 मकान का आबंटन लाटरी पद्धति के माध्यम से किया गया। इसमें भूतल के आवेदकों की संख्या 31 व अन्य तल के आवेदकों की संख्या 114 कुल 145 आवेदकों को आवास आबंटित किया गया। लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम उतई में आज दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने पदयात्रा करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने और उपयोग करने के लिये लोगों को जागरुक किया। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान की कड़ी में उतई मंडल स्तरीय पदयात्रा और घर-घर संपर्क अभियान के दौरान नगर भ्रमण कर दुकानदारों को स्वदेशी वस्तु बेचने और स्वयं उपयोग करने के साथ ही आमजनों से स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर पदयात्रा प्रभारी गिरेश साहू, गायत्री वर्मा जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, उतई मंडल भाजपा अध्यक्ष शीतला ठाकुर, प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, सोसायटी अध्यक्ष उतई फत्तेलाल वर्मा, रोहित साहू, पार्षद सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, संगीता रजक, सतीश चंद्राकर, अनिता गढ़े, सुनीता चंद्राकर, लता सोनवानी, मंडल उपाध्यक्ष विमला कामड़े, सोसायटी अध्यक्ष मचांदुर फलेन्द्र सिंह राजपूत, करगाडीह सरपंच करण सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष चन्द्रशेखर बंजारे, ममता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, रंजना चंद्राकर, दिलीप ठाकुर, रुपेश पारख, ओपी चंद्राकर, गिरीश शर्मा, कांति साहू, बृजमोहन साहू, सोहन रिगरी, सुखित यादव व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है।

सामान्य सभा में जनहित के मुद्दों पर विपक्ष का हंगामा : 4 प्रस्ताव बहुमत से पारित

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कुम्हारी की सामान्य सभा की बैठक में जबर्दस्त हंगामा हुआ। बैठक में नगर विकास को लेकर चार प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन सदन में पहला प्रस्ताव पढ़ते ही विपक्ष के पार्षद यूजेन्द्र साहू ने वार्ड 13 में निजी भूखंड पर सड़क निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन से जवाब मांगा। पार्षद ने कहा कि निजी भूमि में पालिका द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग से लेकर गौठान तक निजी भूमि है। पटवारी रिकार्ड में अभी तक भूमि अधिग्रहण नहीं दर्शाया गया है। इसके बावजूद पालिका द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने भूमि को शासकीय होने का दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए अवलोकन करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि नियम के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है। विपक्षी पार्षदों ने जनहित के मुद्दे और नगर के मूलभूत सुविधाओं को लेकर पालिका प्रशासन के उदासीन रवैये का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष की आसंदी के समक्ष सत्ता पक्ष के पार्षदों से तीखी नोकझोंक के बाद विपक्ष ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। विपक्षी पार्षद सदन से बाहर निकल गए।

नगर की समस्याओं और बुनियादी आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए हम हमेशा तैयार है। सभी पार्षदों के सहयोग से नगर का विकास होना चाहिये, लेकिन विपक्ष मुख्य एजेंडे पर चर्चा छोड़कर अन्य विषयों पर चर्चा कर रहे थे। हमने इस विषय पर अंत में चर्चा कराने का आश्वासन दिया लेकिन विपक्षियों ने हंगामा करते हुए सदन से बाहर चले गए।

मीना वर्मा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद

विगत चार सामान्य सभा की बैठकों में हमने नगर की जरूरी समस्याओं को उठाने का प्रयास किया लेकिन सत्ता पक्ष और प्रशासन द्वारा कभी भी मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया गया। विभिन्न वार्डों में समस्याएं जस की तस बनी हुई है। जनता से जुड़े मुद्दों पर आज भी हमने चर्चा का प्रयास किया, लेकिन हमारी बातें नहीं सुनी गई।

यूजेन्द्र साहू कांग्रेस पार्षद वार्ड क्रमांक 16

बीएसपी के एसटीजी यूनिट में लगी आग

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील प्लांट के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (एसटीजी यूनिट) में शुक्रवार को सुबह स्टीम टरबाइन जनरेटर के पास भीषण आग लग गई। गैस लाइन में समस्या आने के कारण आग तेजी से फैल गई। लपटें इतनी भीषण थीं कि दूर से दिखाई दे रही थीं। आग लगने से एक घंटे पहले ही वहां काम कर रहे मजदूर ड्यूटी एरिया से बाहर निकल चुके थे। इस वजह से कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही बीएसपी की चार फायर ब्रिगेड टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

बाइक चोर गिरफ्तार

भिलाई नगर। मोटर साइकिल चोरी करने वाले तीन चोरों को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल जब्त की गई है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 28 नवंबर की रात 8 बजे से सुबह 5 बजे के बीच सड़क किनारे रेलवे फाटक अहिवारा के पास खड़ी मोटर साइकिल की चोरी की गई थी।

दुर्ग के 29 युवाओं का फौज में चयन, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने दी शुभकामनाएं

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के 29 युवाओं का फौज में चयन हुआ है। आज केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने सेवा सदन में इन सभी युवाओं से मुलाकात कर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और देश सेवा के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन की कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों के ठहरने और रहने की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई थी। दुर्ग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा प्रतिभागियों ने कुशल प्रशिक्षक विनोद नायर व बालकदास डाहरे के मार्गदर्शन में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने कड़ी मेहनत और अभ्यास किया।

शिक्षा, मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जिले के अग्निवीर व पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थी युवाओं ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सभी चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं देते हुए गजेंद्र ने कहा कि जिन प्रतिभागियों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा पास की है, उनके लिए इस वर्ष भी पुनः प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित हो सके। युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान करने सरकार प्रतिबद्ध है। शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास से जुड़े अनेक प्रयास निरंतर जारी हैं।

इन अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अग्निवीर भर्ती में करण पटेल, इंद्रकुमार, गजेंद्र ठाकुर, सुनील साहू, लोकेन्द्र, मनीष साहू, तामेश्वर, योगेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मीकांत पारकर, डामेश यादव, मोनेश निषाद, शुभम, विवेक कुमार, गौरव कुमार साहू, प्रभात साहू, विकाश मिश्रा, पल्लव साहू, टिशू यादव, नयन निषाद, तुषार कुमार का चयन हुआ है। इसी तरह शुभम साहू का चयन इंडियन नेवी और स्वप्निल दुबे का चयन भारतीय वायुसेना में हुआ है। छत्तीसगढ़ पुलिस में संजय निषाद, लिलेश साहू, जनकलाल, लोमश साहू, निशा ठाकुर, नेहा साहू, खिलेश्वर पटेल, ललिता यदु का चयन हुआ है।

क्षेत्र के दिव्यांगजनों को नौकरी दिलाएंगे विधायक रिकेश

- **कार्यालय में शुरू की नई व्यवस्था**

भिलाई नगर/ नवप्रदेश। विधायक रिकेश सेन ने अपने कार्यालय में एक नई व्यवस्था शुरु की है। अब विधायक कार्यालय से दिव्यांगजनों को नौकरी दिलाने की पहल की जाएगी।

विधायक रिकेश ने बताया कि निःशक्त दिव्यांगों के लिए अलग-अलग कार्यों के लिये नौकरी की कमी नहीं है। इसके लिये पर्याप्त अवसर भी उपलब्ध हैं। सेन ने कहा कि दूरस्थ कार्य और प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों जैसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एंट्री, साइबर सुरक्षा, लेखन, अनुवाद) में दिव्यांगजन घर बैठे काम कर सकते है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों को अब सामाजिक सहयोग से निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने की व्यवस्था विधायक खुद करेंगे। सेन ने कहा कि दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप सुदृढ़ बनाने उनके लिए नौकरी/रोजगार की चिंता अब परिजनों को नहीं करनी होगी। ऐसे लोग विधायक कार्यालय जीरो रोड शांति नगर, जैन मंदिर के सामने स्थित कार्यालय में आवेदन करें, ताकि निजी क्षेत्र में उन्हें नौकरी दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा सके।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए रोजगार व नौकरी के अवसर बेहद जरूरी हैं। यह उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता, सम्मान, सामाजिक जुड़ाव और आत्म-सम्मान दिलाता है। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनकी क्षमताओं का उपयोग करता है। ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। इसके लिये उन्होंने वैशाली नगर क्षेत्र में यह व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है। दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र में नौकरी की व्यवस्था कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प विधायक रिकेश सेन ने लिया है।

करंट लगने से ट्रक ड्राइवर की मौत

दुर्ग। जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में गायत्री पैलेस के ठीक सामने बड़ा हादसा हो गया। गोयल इंफ्रा कंपनी के गेट के सामने राख से भरे ट्रक पर चढ़े ड्राइवर का हाथ अचानक हाई-टेंशन वायर से टकरा गया। करंट लगने से ड्राइवर मौके पर ही ट्रक के ऊपर अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और युवक को शंकराचार्य अस्पताल ले जाया गया। कुछ देर बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर पुलिस अधीक्षक हर्षित मेहर ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेश कुमार (31 वर्ष), निवासी ग्राम घिखुदिया पोस्ट गिरहोला थाना धमधा के रूप में हुई है। पेशे से ट्रक ड्राइवर था और ट्रक में राख भरी थी।

न्यूज गैलरी

युवा कांग्रेस के एकमुश्त गन्ना भुगतान की मांग पर लगी मुहर : वाल्मिकी वर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा सरकार झुकी,क्योंकि झुकाने वाला किसान होना चाहिए,पांच दिन पूर्व युवा कांग्रेस द्वारा किसानों की मांग को लेकर किए गए मजबूत आंदोलन व प्रदर्शन का बड़ा परिणाम सामने आया। कलेक्टर महोदय और एमडी कारखाना प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा कर एक सप्ताह का दिया गया था अल्टीमेटम,समय से पूर्व मांग पूरी यह जीत किसानों का जीत है। युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि किसानों को एकमुश्त गन्ना भुगतान राशि प्रारंभ यह फैसला सीधे-सीधे युवा कांग्रेस के नेतृत्व,निरंतर संघर्ष और किसानों की आवाज़ को बुलंद करने का परिणाम है।भाजपा सरकार के हर अन्याय के खिलाफ लड़ाई – युवा कांग्रेस की यही पहचान बनेगी।किसानों के हक़ के लिए हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।यह जीत किसानो की एकजुटता,संघर्ष और हक़ की आवाज़ बुलंद होती रहेगी।किसान हित में लड़ाई जारी रहेगी - अन्याय के खिलाफ हर कदम मजबूती से उठाया जाएगा।

लकवा पीड़ित के परिवार को तीसरी बार मदद पहुंचाई अन्नपूर्णा मुहिम बनी वरदान

खैरागढ़/नवप्रदेश। संत रामपाल अनुयायियों द्वारा जारी अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी बन रही है। ग्राम अवेली निवासी लकवा पीड़ित रिखी राम पटेल अपने परिवार का गुजर बसर करने मे असमर्थ हो गए है अनुयायियों द्वारा दो बार परिवार का सहयोग के बाद तीसरी बार परिवार की मदद करने पहुँचें । रिखीराम पटेल और उनके परिजनो ने संगठन द्वारा की गई मदद के लिए आभारत जताते कहा कि अनुयायियो द्वारा परिवार की लगातार मदद से उन्हे राहत मिल रही है । मौके पर मौजूद सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सेन और समाज सेवा की मुहिम को ऐसे परिवारो के लिए मददगार बताया । गरीबी और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के लिए संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम लगातार लोगो का सहयोग कर रही है। इससे पहले संत के अनुयायियो ने दपका मे आगजनी के चलते दर बदर हो रहे स्व महेश निषाद के परिवार के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए तमाम दैनिक जीवन मे उपयोग होने वाले सामानो के अलावा राशन और कपड़ा, जूता, ठंड को देखते हुए गर्म शूटर जैकेट बिस्तर तक मुहैया कराया था।

असिस्टेंट मेसन कोर्स में 60 महिला हितग्राहियों को दिया जा रहा नि :शुल्क कौशल प्रशिक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सांकरा, सोमनी, राजनांदगांव में असिस्टेंट मेसन कोर्स में 60 महिला हितग्राहियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। जिसके प्रायोजक विभाग श्रम विभाग राजनांदगांव हैं। प्रशिक्षणरत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिवस में प्रतिदिन 200 रूपए के मान से मानदेय श्रम विभाग राजनांदगांव द्वारा प्रदाय किया जायेगा। असिस्टेंट मेसन कोर्स में प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात् हितग्राहियों को गांवों व शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बनने वाले मकानों में कार्य करने के लिए उन्हें रोजगार व स्वरोजगार प्रदाय किया जाएगा। जहां पर उनको उचित मजदूरी प्राप्त हो सके।

राज्य वनोपज संघ के उपाध्यक्ष शर्मा ने किया संजीवनी विक्रय केंद्र सुपेला का निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने सुपेला के संजीवनी विक्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संजीवनी विक्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं स्टॉफ से चर्चा की। उन्होंने बताया कि, संजीवनी केंद्रों के संबंध में निरंतर फीडबैक लिया जा रहा है। विक्रय केंद्र की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है।

हर्बल उत्पादों का किया जाता है विक्रय

सुपेला स्थित संजीवनी व्रिक्रय केंद्र के माध्यम से स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार हर्बल उत्पादों का विक्रय किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सीनियर एग्जीक्यूटिव आशीष हरमुख, उपप्रबंधक एमएस डोंगरे, जूनियर एग्जीक्यूटिव बिशेषर साहू, भाजपा नेता विनोद कौशिक, रंजन कुलदीप एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

100 से अधिक वेरायटी उपलब्ध

संजीवनी विक्रय केंद्र में कुल 100 से अधिक प्रकार के औषधीय उत्पाद उपलब्ध हैं। गिलोय, काजू, च्यवनप्राश, त्रिफ्ला, सैनिटाइजर, सर्दी खांसी नाशक जैसे हर्बल उत्पादों की बिक्री की जाती है। पैकेट में सामग्री की मात्रा के हिसाब से मूल्य तय किया गया है। वनौषधियां बिक्री के लिए 50 ग्राम शहद, 100 ग्राम सर्वज्वर हर चूर्ण, इमली कैंडी, 100 मिली सैनिटाइजर और 50 ग्राम आंवला लच्छा अलग-अलग पैकेटों में उपलब्ध हैं।

छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड नाम को दिया जा रहा बढ़ावा- यज्ञदत्त

उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि, हर्बल उत्पाद बिक्री के लिए छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड नाम को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा विभिन्न माध्यमों द्वारा इन उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब हो कि सुपेला में संजीवनी विक्रय केंद्र संचालित की जा रही है, जहां से वनोपज समितियों द्वारा संग्रहित व प्रसंस्कृत लघु वनोपज को निश्चित दर पर क्रय किया जा रहा है।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स'

बता दे कि, संजीवनी विक्रय केंद्र वनोपज संघ, वन विभाग द्वारा संचालित एक रिटेल आउटलेट है जो लघु वनोपज से बने हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों (जैसे 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स') को बेचता है, जिससे वनवासियों को उनकी उपज का सही दाम मिलता है और उपभोक्ताओं को प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध होते हैं। ये केंद्र वनोपज के प्रसंस्करण को बढ़ावा देते हैं और इनकी बिक्री राज्यभर में फैल रही है, जो अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

कबीरधाम जिला विकास के नए युग में कर रहा प्रवेश : सीएम साय

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल पर शिला स्थापना कर जिले को दी ऐतिहासिक सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कबीरधाम जिले के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण स्थल पर शिला स्थापना कर जिले को एक ऐतिहासिक सौगात दी। इसके साथ ही चिकित्सा सुविधाओं के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिला स्थापना के साथ ही कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य मानचित्र में विकास का नया अध्याय जुड़ गया है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले का स्वास्थ्यगत ढांचा और अधिक मजबूत होगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ सुदृढ़ होंगी और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ अब स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मांग पर कवर्धा में श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव रिवर फ्रंट निर्माण और रवेली में महाविद्यालय की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले में नए शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन के शिला-स्थापना कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार बनने के बाद सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों में 10 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए और वर्तमान सरकार ने केवल दो वर्षों में 5 नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज भवन का भूमि-पूजन किया था और आज उसी की शिला-स्थापना संपन्न हुई है। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूर्ण होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कवर्धा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिली है। सीटी स्कैन और क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी सुविधाओं की स्थापना से इलाज और सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि हम जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है।

सांसद पांडे ने संगीत विवि को केन्द्रीय विवि का दर्जा देने की उठाई मांग

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा मे शीतकालीन सत्र के दौरान गुरूवार को क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग उठाई। सांसद पांडे ने कहा कि यह सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे उचित सम्मान मिलना आवश्यक है। संसद में अपनी बात रखते हुए संतोष पांडे ने कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय शास्त्रीय संगीत को समर्पित एशिया का पहला विश्वविद्यालय है। यहाँ कथक, भरतनाट्यम, लोक संगीत सहित अनेक विधाओं की शिक्षा दी जाती है और विदेशों से भी छात्र-छात्राएँ आकर अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की बड़ी प्रतिष्ठा है, लेकिन उसे वह मान-सम्मान अब तक नहीं मिला, जिसका वह हकदार है।

सांसद पांडे ने बताया विश्वविद्यालय 14 अक्टूबर 1956 को स्थापित हुआ था और तब से निरंतर भारतीय कला-संगीत की विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। केंद्र सरकार से संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने की मांग करते कहा कि इससे संगीत विवि की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत होगी ।

अक्टूबर से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। एसपी के निर्देशन,एएसपी के मार्गदर्शन , एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, एसडीओपी गुरूर बोनिफास एक्का के पर्वेक्षण में थाना बालोद के अपराध मे दुष्कर्म के आरोपी हिमांशु सिन्हा को थाना तोंगपाल जिला सुकमा से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को थाना बालोद में शिकायत दर्ज कराया गया था कि एक महिला के साथ आरोपी हिमांशु सिन्हा निवासी गोटाटोला मानपुर के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण किया गया है। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 432/25 धारा 69 बी एन एस, स्ट्,स्ज्ञ एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस द्वारा लगातार उसका पातासाजी किया जा रहा था। आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। आरोपी के गिरफ्तारी

हेतु थाना बालोद व साइबर सेल टीम को लगाया गया था। टीम द्वारा लगातार आरोपी हिमांशु सिन्हा को चिन्हांकित जगह पर पता किया गया। लेकिन वह अपने घर मोहला मानपुर में नहीं था। टीम द्वारा तकनीकी डाटा और मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी हिमांशू सुकमा क्षेत्र में कहीं छिपा है। उक्त सूचना पर थाना बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा व साइबर सेल प्रभारी टीम के साथ दरभा झीरम होते हुए थाना तोंगपाल जिला सुकमा पहुंच कर लोकल पुलिस की मदद से आरोपी हिमांशु सिन्हा को जो वहां किसी परिचित के घर लुक छिप कर रह रहा था, उसे पकड़ कर जिला बालोद लाया गया। आरोपी हिमांशु सिन्हा की गिरफ्तारी में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक धरम भुआर्य, प्रधान आरक्षक विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, राहुल मनहरे ,विपिन गुप्ता, आकाश सोनी,पूरन प्रसाद, मिथलेश यादव, संजय सोनी ,मनीष राजपूत थाना बालोद का विशेष योगदान रहा।

पानी, सफाई देखने आयुक्त सुबह पहुंचे बसंतपुर

साफसफाई में गुणात्मक सुधार लाने तथा अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शहर में साफ सफाई एवं पानी सप्लाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है, वही शहर को व्यवस्थित व साफसुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्यवाही के निर्देश दे रहे है। आज सुबह उनके द्वारा शहर के बसंतपुर क्षेत्र का निरीक्षण कर चैक चैराहे एवं डिवाईडर के आजू बाजू कचरा उठाने तथा अतिक्रमण हटा कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बसंतपुर क्षेत्र में साफसफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा क्षेत्रवासियों से पानी, सफाई के संबंध में चर्चा किये। कोढीखाना जाने वाले रोड में पाईप लाईन लिकेज की

शिकायत पर पाईप लाईन मरम्मत करने तथा नाली के उपर अतिक्रमण देख हटाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसी प्रकार बसंतपुर क्षेत्र में नाली के उपर अतिक्रमण देख संबंधित को हटाने समझाईस देने कहा। उन्होंने कहा कि सड़क एवं नाली के उपर अतिक्रमण देख नोटिस जारी करे। इसी प्रकार मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करे।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण पहल

कलेक्टर ने किया 3 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण

खैरागढ़/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर चयनित हितग्राहियों को अनुदानित सहायक उपकरण प्रदाय किए जाने जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने लाभार्थियों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा, उनकी गतिशीलता बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से उपकरण प्रदाय किए जा रहे हैं। तीन पात्र हितग्राहियों उतरा वर्मा, मुनेश कुमार और लीला निषाद को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल सौंपकर उन्हें सशक्त बनाया गया।

मवेशी तस्कर बोलकर मारपीट करने वाले गुरूर के 3 आरोपी गिरफ्तार, अन्य आरोपी हैं फरार

बालोद/नवप्रदेश। प्रार्थी सतीश साहू पिता बहुर राम साहू उम्र 31 साल निवासी रांवा थाना अर्जुनी जिला बालोद ने दिनांक 07 दिसंबर 2025 को गुरूर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 06 दिसंबर 2025 के रात्रि 10 बजे अपने गांव के वेदप्रकाश साहू, बलराम साहू के साथ 06 नग मवेशी बछवा को खरीदकर छोटा हाथी क्र. सीजी 04 क्युडी 2713 में भरकर करहीभदर मवेशी बाजार ले जाने के लिए निकले थे। तो रात्रि करीब 11.15 बजे ग्राम भरदा पेंवरो जाने वाले मोड़ के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गाड़ी को रोककर गाड़ी कहां ले जा रहे हो कहकर, गाड़ी का चाबी निकालकर,

गाड़ी से उतारकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का, डंडा, हाथ में पहने चुड़ा से मारपीट कर चोंट पहुंचाया। जिससे चोंट आने की रिपोर्ट पर थाना गुरूर में अपराध क्रमांक 242/2025 धारा 126(2),296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। तीनों आहत को ईलाज हेतु हायर सेंटर रिफर करने पर धमतरी क्रिष्चियन अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसमें एक आहत बलराम साहू के एक्सरे रिपोर्ट में दाहिना पैर फैक्चर होना पाया है। जिस पर प्रकरण में धारा 117(2) बीएनएस जोड़ी गयी है। प्रकरण की कायमी के बाद अज्ञात आरोपीगणों की तलाश हेतु एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में एएसपी मोनिका ठाकुर तथा एस.डी.ओ.पी. गुरूर बोनीफॉस एक्का के मर्गदर्शन में थाना प्रभारी गुरूर सुनील तिर्की एवं स्टाफ द्वारा घटना का वायरल वीडियो व ग्राम भरदा व गुरूर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज को चेक किया गया। जिसमें गुरूर के 03 संदिग्ध व्यक्ति धरम सारथी, दुष्यंत शिल्पी व खोमेन्द्र उर्फ दद्दू सोरी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। जिनका कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गुरूर के समक्ष प्रकरण के आहत सतीष साहू, वेदप्रकाश साहू, बलराम साहू द्वारा शिनाख्त किया गया। आरोपीगणों से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त डंडा को पेश करने पर जप्त कर तीनों आरोपीगण निवासी गुरूर को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है।

प्रथम पेज का शेष

डिजिटल अरेस्ट से 3000 ...

लोग और तकनीक से अनभिज्ञ वर्ग आ रहा है। ऐसे पीड़ितों से लुटेरे उनकी बचत, रिटायरमेंट फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट तक एक झटके में निकलवा लेते हैं।

यदि किसी बैंक खाते से बड़ी रकम ट्रांसफर होती है तो उसकी 50' राशि को कम से कम 24 घंटे के लिए होल्ड कर दिया जाए। उनके अनुसार, यह सुरक्षा-व्यवस्था ऑनलाइन लूट को काफी हद तक रोक सकती है और पीड़ितों को पैसा बचाने के लिए समय मिल सकता है। -जिस तेजी से डिजिटल फ्रॉड का दायरा बढ़ रहा है, सरकार को भी उसी रफ्तार से तकनीकी सुरक्षा बढ़ानी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुजुर्गों और आम लोगों को इस साइबर जाल से बचाना अब बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि ऑनलाइन लुटेरे मिनटों में लोगों की पूरी जिंदगी की कमाई चट कर रहे हैं।

सामान्य ट्रांजैक्शन की प्रक्रिया में सुधार की मांग- बृजमोहन

बृजमोहन के अनुसार समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब डर और धमकी के माहौल में पीड़ित कुछ ही मिनटों में अपनी उम्रभर की बचत का 80 प्रतिशत -90 प्रतिशत तक रकम ट्रांसफर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा बैंकिंग सिस्टम ऐसे मामलों को सामान्य ट्रांजैक्शन की तरह प्रोसेस कर देता है, जबकि इस प्रक्रिया में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

राज्यसभा में बोले कृषि मंत्री- किसानों ...

तब कितनी होती थी, अब कितनी होती है यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। लेकिन हमारा संकल्प है कि एक-एक व्यक्ति मानवीय गरिमा के साथ अपना जीवन जिये और उसमें हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आत्महत्या के कई कारण होते हैं, कई बार विद्यार्थी भी कर लेते हैं, पेशेवर भी कर लेते हैं, व्यापारी भी कर लेते हैं, गृहिणियां भी कर लेती हैं।

शासन की योजनाओं से विकास...

घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी गई, प्रतियोगी परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर लागू हुआ और आयु सीमा में छूट दी गई। 32 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

माओवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। पिछले दो वर्षों में 505 नक्सली न्यूट्रलाइज, 2386 ने आत्मसमर्पण किया और 1901 गिरफ्तार हुए। सुरक्षा के साथ-साथ विकास के जरिए बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के तहत सुदूर गांवों में राशन, आधार, आयुष्मान कार्ड, आवास, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गई हैं। बस्तर में स्कूल पुनः शुरू हुए हैं और इको-टूरिज्म, बस्तर पंडुम तथा बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन नई पहचान बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण हेतु श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालित की जा रही है। राजिम कुंभ कल्प, बस्तर दशहरा और शक्ति पीठों के विकास को नई भव्यता दी गई है।

शीतकालीन सत्र के पहले ...

का विनिमय संशोधन विधेयक, 2025 (क्रमांक 28 2025) विधानसभा में पारित किया जाएगा। विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों को भी पटल पर रखा जाएगा।

एनडीए की बैठक में बोले ...

करने की जरूरत है। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव नजदीक आते ही वादों की झड़ी लगा देती है और काम करने का दिखावा करती है, जबकि एनडीए सरकार निरंतर काम में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की योजनाएं जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं, परंतु इन उपलब्धियों का व्यापक प्रचार अभी अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पाता।

पिछले 11 वर्षों में देश के ...

सृजन, महिला सशक्तिकरण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। पीएमओ की ओर से यह पोस्ट केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह की पोस्ट को कोट करते हुए की गई है, जिसमें देश के टेक्सटाइल सेक्टर पर एक लेख साझा किया गया है।

डीआरएम सहित दो ...

का ईस्ट सेंट्रल रेलवे में ट्रांसफर कर उनके स्थान पर आरके चौधरी को नियुक्त किया गया है। इसके पहले रेलवे बोर्ड ने सीनियर डीओपी मसूद आलम को फोर्स लीव पर भेजते हुए उनके स्थान पर शशांक कोष्टा को सीनियर डीओपी नियुक्त किया था।

वायु प्रदूषण: यह विचारधारा ...

और अन्य बड़े शहरों के प्रदूषण पर बात की। ये एक ऐसा विषय है जिसमें सभी पार्टियां सहमत हो सकती हैं। मैंने सुझाव दिया कि हमें सदन में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। इस विषय पर हमें एकमत होना चाहिए कि हम भविष्य की बात करेंगे और इस समस्या को हल कैसे किया जाए, उस पर चर्चा करेंगे। विशेषज्ञों की भी राय लेंगे और हम देश को दिखाएंगे कि हम प्रदूषण के विषय पर एक साथ काम कर सकते हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में प्रदूषण की स्थिति को लेकर चर्चा पर कहा, ÷मैं पूरी तरह से सहमत हूं। मेरे ख्याल से सभी सहमत हैं। सरकार ने भी कहा कि हम सभी को इस पर चर्चा करनी चाहिए और एक एक्शन प्लान बनना चाहिए।

इंडिगो पर एक्शन...

रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए।

वहीं बेंगलुरु एयरपोर्ट से शुक्रवार को इंडिगो की 54 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें 31 आने वाली (अराइवल) और 23 जाने वाली (डिपार्चर) फ्लाइट शामिल हैं।

दो बाइक आपस में भिड़ी, दो की मौत

डाक्टरों ने जांच के बाद दोनों को युवकों को मृत घोषित कर दिया

राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दो लोगों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है।

लोगों ने घटना की सूचना तत्काल राजिम थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दो युवकों को सिर में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में एक 12 साल के बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कोमा के पास हुआ हादसा

राजिम - फिंगेश्वर मार्ग पर ग्राम कोमा के पास गुरुवार शाम दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने - सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलें काफी तेज रफ्तार में थीं। कोमा मोड़ के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर तक गिर पड़े। दोनों बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलियों की साजिश की नाकाम

■ **आईईडी किया नष्ट व डंप किए गए सामग्रियां बरामद**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद में सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम किया है। गरियाबंद के इंदागांव थाना अंतर्गत ओडिसा सीमा पर स्थित ग्राम अमली के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान में निकली जिला पुलिस बल गरियाबंद, बीडीएस एवं ए / 211 बटा. सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टीयों ने नक्सलियों द्वारा डम्प किए आईईडी को सुरक्षित तरीके से निकालते हुए विस्फोट कर नष्ट किया है, साथ ही आसपास और सर्च करने पर एक पेड़ के नीचे संदिग्ध डम्प की जानकारी हुई, जिसे सुरक्षात्मक तरीके से जगह की खुदाई करने पर प्लास्टिक ड्रम में सुरक्षित ढंग से रखे 02 नग सिंगल शॉट, विस्फोटक सामाग्री, बैटरी, इलेक्ट्रीक वॉयर 01 बण्डल, डेटोनेटर 05 नग, खाली टिफिन 02 नग, गरम कपडा 05 नग, दवाईंयां, रस्सी, चप्पल, पानी बाटल बरामद कर नक्सलियों की साजिश को विफल करने में बडी सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस से मिली प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित माओवादी संगठन डीजीएन डिवीजन के नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने तथा दहशत फैलाने के उद्देश्य से आईईडी एवं विस्फोटक सामाग्री डंप कर रखा गया था। जिसे सुरक्षा बल के जवानों ने बरामद किया है। बता दें कि सुरक्षा बल के जवान लगातार नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करते आ रहे हैं, जिससे कि नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है। जिससे कि अब नक्सली सरेंडर कर सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

गरियाबंद में 2 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कान्हा युवा मण्डल गांधी मैदान के तत्वावधान में गांधी मैदान गरियाबंद में 2 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गरियाबंद जिले के अलावा धमतरी और महासमुंद जिले की भी टीम हिस्सा लेगी. इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संजीव साहू ने बताया स्वर्गीय अकबर खान की स्मृति में आयोजित इस दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे होगा जिसमें गरियाबंद जिले से देवभोग , अमेठी, गरियाबंद पुलिस, मैनपुर, अमलोर, तर्रा, तिलइ दादर, खूदियाडीह , बोढ़रा बांधा, महासमुंद जिले से बसना, महासमुंद, धमतरी के साथ ही 22 टीम कबड्डी के इस महामुक़ाबले में भाग लेंगी. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 20000 रुपये, द्वितीय को 10000 रू, तृतीय को 5000 रू एवं चतुर्थ को 3000 रू के साथ ही अन्य आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा

पिरदा में 9वीं-10वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ

भटगांव/नवप्रदेश। शासकीय हाईस्कूल पिरदा में कक्षा 9 वी , कक्षा 10 वी की दिनांक 11/12/2025 से अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुआ और 20/12/2025 तक चलेगा । इस अर्धवार्षिक परीक्षा से बच्चों ने स्कूल सत्र के दौरान पढ़ाई की गई है उस विषयों का बच्चों के द्वारा किया गया अध्ययन की मूल्यांकन करने के लिए तथा आने वाली फरवरी, मार्च के महीने मे होने वाली बोर्ड की वार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु अर्धवार्षिक परीक्षा लिया जा रहा है।

अवैध कटौती-पैसों की मांग पर भड़के किसानों ने किया प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

धान खरीदी केंद्र में किसानों का फूटा

राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों ने खरीदी केंद्र प्रबंधन पर खुलेआम मनमानी, अवैध कटौती और उगाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि केंद्र में नमी के नाम पर नियम विरुद्ध कटौती की जा रही है और कर्मचारियों द्वारा पैसों की मांग तक की जा रही है। पूरा मामला लोहरसी धान खरीदी केंद्र का है।

हर बोरी से 1 किलो अतिरिक्त कटौती

किसानों ने बताया कि धान में नमी अधिक बताकर प्रत्येक बोरी से 1 किलो की अवैध कटौती की जा रही है। इतना ही नहीं, एक किसान ने सनसनीखेज खुलासा किया कि कर्मचारियों द्वारा उससे 3000 की मांग की गई थी, जो बाद में 2000 में तय करने की कोशिश की गई। किसान के विरोध करने और सही तौल की मांग पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मामला गंभीर हो गया।

मौके पर पहुंचे जिपं सदस्य

विवाद की सूचना मिलते ही गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक तुरंत खरीदी केंद्र पहुंचे। किसानों ने उन्हें बताया कि नमी का बहाना बनाकर अवैध कटौती, मनमर्जी से वजन बढ़ाने का खेल, कर्मचारियों द्वारा पैसों की मांग किया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन की चुप्पी साधे बैठी हुई है। महाड़िक ने किसानों की समस्याएं सुनीं और कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

किसानों ने वसूली का लगाया आरोप

किसानों ने केंद्र के व्यवस्थापक, कर्मचारी और मनोनित अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने नियमों को दरकिनार कर अपनी मनमर्जी के नियम लागू कर रखे हैं। नमी के नाम पर वजन बढ़ाकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी और भ्रष्टाचार का सीधा उदाहरण है।

मनमानी बंद नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

मौके पर बड़ी संख्या में किसानों ने जमकर विरोध किया और अपनी मांगों को लेकर राजिम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों कहना है कि यदि धान खरीदी केंद्र की मनमानी बंद नहीं की गई, तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। लोहरसी धान खरीदी केंद्र में अवैध कटौती और कथित भ्रष्टाचार का यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने मनोनित अध्यक्ष को हटाए जाने, पैसों के लेन-देन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर कारवाई, किसानों से अतिरिक्त ली गई धान की भरपाई ओर सहकारी विपणन द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने की मांगी को लेकर गरियाबंद कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

गरियाबंद में 16 दिस. को होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

■ **जिला स्तरीय युवा महोत्सव, पंजीयन की अंतिम तिथि 15 तक**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, गरियाबंद द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 16 दिसम्बर 2025 को प्रात: 10 बजे से सांस्कृतिक भवन परिसर, सिविल लाईन गरियाबंद में आयोजित किया जाएगा। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए इस वर्ष भी युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव भाग लेने के लिए 15 दिसम्बर तक पंजीयन करा सकते है।

प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न विधाओं में अपनी कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस युवा उत्सव में लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेश-भूषा, रॉक बैंड विधायें शामिल है। जिसमें 15 से 29 वर्ष (प्रतिभागियों का) एवं 18 से 40 वर्ष (संगतकारों का) आयु वर्ग तक के प्रतिभागी जिला स्तर युवा उत्सव में हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। पंजीयन के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद मो. 6261590400, 7974450069 में सम्पर्क कर सकते है।

बकाएदार 431 उपभोक्ताओं ने जमा किए 168.64 लाख

महासमुंद/नवप्रदेश। बिजली बिल बकाएदारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है। गठित राजस्व वसूली टीम द्वारा महासमुंद संभाग कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद संभाग के 174.37 लाख रु. बकाया राशि वाले 491 उपभोक्ताओं की लाइन काटा गया है। काटने के बाद कुल 431 उपभोक्ताओं ने 168.64 लाख रुपए जमा किया। बताया गया कि राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनाधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता असुविधा से बचने के लिए बिजली बिल की राशि हर माह भुगतान करें।

किसानों की समस्या का 15 तक नहीं हुआ समाधान तो होगा आंदोलन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय किसान संघ तहसील महासमुंद की मासिक बैठक अध्यक्ष शत्रुहन लाल साहू के नेतृत्व में बिरकोनी में संपन्न हुई। बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि सहकारी समितियों में धान बेचने में परेशानी हो रही है। किसानों की जमीन का रकबा कम हो गया है,इससे वे पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं। खसरा नंबर गायब हो गया है। ऑनलाइन में टोकन काटने में परेशानी, टोकन में एक सप्ताह से ज्यादा दिन लगने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। किसान हेमलाल साहू ने कहा कि तहसील कार्यालय जाने पर जल्द ही सुधार होने की बात कही जाती है,लेकिन अब तक सुधार नहीं हो पाया है। इससे वे अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं।

जिला पशु चिकित्सालय गरियाबंद में ऑपरेशन नियमित रूप से हो रहा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पशु चिकित्सालय गरियाबंद मे छोटे पशुओ जैसे बछड़े, बच्चीया, बकरी, कुत्ता इत्यादि मे माइनर एवं मेजर ऑपरेशन नियमित रूप से हो रहा है, इनमे सिजेरियन, मेमरी ट्यूमर, नसबन्दी जैसे मेजर ऑपरेशन भी हो रहा है बड़े पशुओ जैसे गाय बैल के लिए पशु चिकित्सालय की टीम गरियाबंद विकाशखंड के साथ साथ जिले के दूसरे विकासखंड मे पशुपालको के घर मे जाकर शल्य चिकित्सा जैसे हॉर्न कैंसर, सिजेरियन, आईबाल रिमूवल एवं अन्य कैसर जैसे ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर रही है।

नवीन जिला पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के बाद जिला प्रशासन से यहां सुविधायुक्त स्माल एनिमल ऑपरेशन थिएटर की दरकार है ताकि ताकि छोटे कृषक पशु एवं अन्य पालतू पशुओ का बेहतर शल्य चिकित्सा द्वारा उपचार हो सके

बुद्धिमत्ता विषय पर डिजिटल पोस्टर मेकिंग स्पर्धा आयोजित

■ **सामाजिक हित में ए.आई. की भूमिका पर युवाओं ने दिखाई रचनात्मकता**

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर 02 दिसंबर को सामाजिक हित के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई फॉर सोशल गुड) विषय पर डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए ए.आई. के समाजोपयोगी पहलुओं को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

विशेषज्ञ समिति द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया, जिसके आधार पर परिणाम घोषित किए गए।

प्रथम स्थानः उदय कुमार, एम.ए. भूगोल, तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थानः प्रिया, पी.जी.डी.सी.ए एवं, तृतीय स्थानः कु झरना, पी.जी.डी.सी.ए ने प्राप्त किया।

विजेता विद्यार्थियों को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई वी रेवती एवं कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष बेदप्रकाश साहू ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। यह प्रतियोगिता न केवल तकनीकी जागरूकता बढ़ाने में सहायक रही, बल्कि विद्यार्थियों को ए.आई. का सकारात्मक एवं नैतिक उपयोग समाजहित में करने के लिए प्रेरित भी किया।

पांच हितग्राहियों को मिला पशु आहार

गरियाबंद/नवप्रदेश। उन्नत मादा वत्स पालन योजना के तहत पशु चिकित्सालय गरियाबंद में 5 हितग्राहियों को प्रथम चरण में 3 क्विंटल काफग्रोवर (पशु आहार) वितरित किया गया। बताया गया है कि इस योजना में कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछ्यिा के लालन-पालन के लिये अनुदान में पशु आहार प्रदाय किया जाता है, साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पशुपालकों को 18000 रुपये एवं अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग के किसान को 15000 का अनुदान दिया जाता है।

जिला पशु चिकित्सालय में योजना अंतर्गत कुल 8 क्विंटल पशु आहार, हितग्राही-रौनक गिरी,मुकुंदा यादव पारागाँव,भारत लाल ध्रुव,कौशल ठाकुर सढ़ोली, टीकम यादव ग्राम आमझर इन 5 हितग्राहियों को वितरण कार्यक्रम में पशु आहार प्रदाय किया गया। इस योजना का उद्देश्य उन्नत नस्ल की बछ्यिा को संतुलित आहार देकर उसका शारीरिक विकास करना है जिससे वह जल्द मां बनकर दूध उत्पादन में वृद्धि कर सके। योजना अंतर्गत पशु आहार वितरण कार्यक्रम के दौरान,गणेश ध्रुव जी सभापति कृषि स्थायी समिति, श्रीमती हेमा मिरी जी जनपद सदस्य, धनराज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गुरुवार को जीवोदया नगर खेल मैदान गातापार में जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अभनपुर रायपुर छ. ग. के तत्वावधान में संपन्न कराया गया। जिसमें एथलेटिक्स, खो -खो, रस्साकसी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, तवा फेंक, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी, कुश्ती, फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू थे। ब्रह्मानंद साहू सभापति अभनपुर जनपद पंचायत अभनपुर, समस्त सदस्य जनपद पंचायत

अभनपुर, सावित्री बसंत कोसले सरपंच ग्राम पंचायत गातापार, सेठ फूलचंद नयना पहाड़िया समन्वयक आधिकारिक सीताराम यादव अभनपुर थे। 9-18 आयुवर्ग में 400 मी में प्रथम ईशा रानी सिन्हा, द्वितीय चमेली ध्रुव,100 मी में प्रथम चमेली, द्वितीय चांदनी साहू, तवा फेंक में प्रथम चमेली ध्रुव द्वितीय नारायणी, बेडमिंटन में प्रथम लक्ष्मी पांडे, द्वितीय हेतल वर्मा, रस्साकसी में प्रथम जीवोदया नगर हिंदी मीडियम स्कूल गातापार, द्वितीय शास. उच्च. माध्य. शाला मानिकचौरी, खो -खो में प्रथम थनौद, द्वितीय शास. उच्च. माध्य. शाला पौंड रहे।

कोचियों पर कार्रवाई | **जिले में अवैध शराब निर्माण और परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा**

आबकारी विभाग ने जब्त की 55 लीटर हाथ भट्ठी शराब

महासमुंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बनाने और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सरायपाली क्षेत्र में 10 और 11 दिसंबर को संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल चार प्रकरण दर्ज किए तथा 55 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब और 557 किलोग्राम लाहन जब्त किया है।

सरायपाली वृत्त के चारभाटा क्षेत्र में आरोपी मदन सिंह चौहान के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया गया। टीम ने मौके से 10 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब तथा 100 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। सरायपाली क्षेत्र में लगातार तीन कार्रवाईयाँ की गईं। पहले प्रकरण में ग्राम लखनपुर में आरोपी विपिन भाई के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जप्त की गई।

इसी तरह दूसरे प्रकरण में ग्राम पलसापाली में दो अलग-अलग प्रकरणों में अवैध मदिरा निर्माण की सामग्री बरामद की है। पहले मामले में आरोपी सोनाबाई जोल्हे के कब्जे से 14 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब और 250 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं दूसरे मामले में आरोपी शांता बाई जोल्हे के विरुद्ध समान धाराओं के तहत प्रकरण कायम करते हुए 16 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब और 225 किलोग्राम लाहन बरामद किया गया। कार्रवाइयों में सरायपाली, सांकरा और पिथौरा की संयुक्त आबकारी टीम ने सहभागिता निभाई। इस दौरान विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू के साथ मिर्ज़ा जफ़र बेग, हृदयकुमार तिरपुड़े और आबकारी स्टाफ शामिल रहे। आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध शराब निर्माण और परिवहन के खिलाफ अभियान सतत जारी रहेगा तथा ऐसे कार्यों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार ने बाइक को मारी जबरदस्त टक्कर
बाइक के उड़े परखच्चे, कार के एयरबैग खुले

राजिम/नवप्रदेश। राजिम-फिंगेश्वर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और एयरबैग तक खुल गए। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर रेस्ट हाउस के सामने तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों के पैर टूट गए हैं, साथ ही कमर में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर फिंगेश्वर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

घायलों का पहचान नहीं हो गई है। दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि कार चला रही महिला आयुर्वेदिक डॉक्टर हैं, जो बेलर में पदस्थ बताई जाती हैं। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

जिले की रैंकिंग सुधारना हमारी प्राथमिकता, लक्ष्य आधारित कार्य करें अधिकारी

■ स्वास्थ्य सेवाओं की और गुणवत्ता बढ़ाने पर बल

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर कल्पना धुर्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सहित सभी वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मिश्रा ने बैठक की शुरुआत अटल इंडिकेटर रैंकिंग की विस्तृत प्रगति की समीक्षा से की। उन्होंने संकेतवार उपलब्धियों का अवलोकन करते हुए उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिनमें सुधार की आवश्यकता अधिक है। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग सुधारना हमारी प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्य करें।

कलेक्टर ने अटल इंडिकेटर रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष जोर दिया। बैठक में संस्थागत प्रसव बढ़ाने, टीकाकरण प्रतिशत सुधारने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, कुपोषण कम करने तथा टीबी-मलेरिया जैसे रोग नियंत्रण कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता, दवा उपलब्धता, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एचडब्ल्यूसी के मानकों को बेहतर कर रैंकिंग सुधारने पर बल दिया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम , मलेरिया-फाइलेरिया नियंत्रण, गैर-संचारी रोग, पोषण अभियान, एनीमिया मुक्ति कार्यक्रम सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई।इस दौरान टीबी के मामलों, सिकलसेल स्क्रीनिंग की तथा लैप्रोस्कोपी बीमारियों और पीड़ित मरीजों की मॉनिटरिंग प्रगति आदि की जानकारी ली । समय समय पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए । ताकि हर लाभार्थी तक समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ पहुंच सकें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आश्वस्त किया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक कदम निरंतर उठाए जाएँगे ।

ओपीडी और आईपीडी सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, दिया जोर

कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में OPD और IPD सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मानव संसाधन की कमी को प्राथमिकता से दूर करने पर बल दिया। उन्होंने साफ कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में HIMS पोर्टलों में समय पर, सटीक और पारदर्शी डाटा प्रविष्टि पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि विश्वसनीय डाटा ही बेहतर योजना निर्माण और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की नींव है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को डाटा गुणवत्ता सुधार हेतु नियमित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत बगरूमनाला में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा बड़ौदा आरसेटी संस्था के सहयोग से प्रधाननमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत बगरूमनाला में आयोजित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 8-11-2025 से 8-12-2025 किया जा रहा है । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 08-11-2025 से प्रारंभ हुआ है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को भवन निर्माण से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की दक्षता का मूल्यांकन लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा (प्रैक्टिकल) एवं साक्षात्कार (वाइवा) के माध्यम से किया जाएगा। एक माह की इस प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों- जैसे ईंट-गारा कार्य, प्लास्टर, ढलाई, नाप-जोख एवं संरचनात्मक तकनीक की गहन जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास और कौशल दोनों को निखारा जा रहा है, जिससे वे अब स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

31 मार्च तक सभी स्वीकृत आवास पूर्ण कराने के निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति तेज लगातार निरीक्षण और तेजी से प्रगति के कारण क्षेत्र में पीएम आवास के तहत बन रहे आवासो की गुपवता और गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बड़ी संख्या में हितग्राहीयो के आवास समय पर पूर्ण हो रहे हैं। अपना घर तैयार होता देख हितग्राहियों में अपार उत्साह और संतोष दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जिला धमतरी की टीम ग्रामीण परिवारों को परिवार में जीवनयापन के साथ आत्मनिर्भरता, सम्मान और सुरक्षित जीवन का आधार भी प्रदान कर रही है।

मनरेगा हाजिरी को लेकर लापरवाही और अनियमितता का मामला उजागर

भिनोदा/सरसींवा/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के अमोदी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पिपरडीह में मनरेगा हाजिरी को लेकर गंभीर लापरवाही और अनियमितता का मामला उजागर हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला मकान पूरा कर लेने और उसमें गृह प्रवेश कर लेने के बाद भी बुजुर्ग दम्पत्ति मंगल और बेदमति को मनरेगा के तहत मिलने वाले 90 दिवस के मजदूरी भुगतान का अब तक कोई सुराग नहीं है। शासन की महत्वपूर्ण आवास योजना का लाभ लेकर उन्होंने अपना सुरक्षित घर तैयार कर लिया, लेकिन उसके साथ मिलने वाली मजदूरी के लिए महीनों से रोजगार सहायक के चक्कर काट रहे हैं। हितग्राही मंगल ने बताया कि जब भी वे हाजिरी भुगतान की जानकारी मांगते, रोजगार सहायक कभी ÷आज आएगा÷, कभी ÷कल आएगा÷ कहकर उन्हें लगातार टालता रहा।स्थिति तब और चिंताजनक हो गई जब बुजुर्ग दम्पत्ति ने कहा कि यदि मजदूरी राशि नहीं मिल रही है तो वे कलेक्टर कार्यालय में शिकायत करेंगे कलेक्टर साहब से पूछेंगे। इस पर रोजगार सहायक ने उल्टा उन्हें ही धमकाते हुए कहा– ÷कलेक्टर के पास जाओगे तो पकड़ा जाओगे कलेक्टर साहब तुम्हें जेल भिजवा देंगे।

जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है।

शासन का चावल सौदा भिनोदा में एक ही गैंग तीसरी बार पकड़ाई!

■ भिनोदा में फिर हुआ चावल चोरी का खुलासा – पहले पकड़ी गई टीम दोबारा हरकत में!

■ जनम ट्रांसपोर्ट एवं कांट्रेक्टर कंपनी को मिला है सप्लाई का ठेका!

भिनोदा/सरसींवा/नवप्रदेश। भिनोदा ग्राम पंचायत में पीडीएस चावल चोरी का मामला एक बार फिर सामने आया है, जिसने खाद्य सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज लगभग दोपहर 2 बजे जनम ट्रांसपोर्ट एंड कॉन्ट्रेक्टर कंपनी की ट्रक CG04HB3905 से चावल के ट्रक स्टाफको पीडीएस का चावल चोरी कर बेचते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा। चोरी का चावल जिस मोटरसाइकिल से ले जाया जा रहा था, उसका नंबर CG11AJ 2116 (बजाज प्लेटिना) है। ग्रामीणों ने बताया कि यह गाड़ी भी उसी व्यक्ति की है जिसे कुछ समय पहले दो बोरी चावल चोरी करते पकड़ा गया था। मोटरसाइकिल में चावल लादकर ले जाने वाला व्यक्ति बंदारी वेयरहाउस का स्टाफ बताया जा रहा है, जिससे इस मामले में वेयरहाउस और ट्रांसपोर्टर के बीच मिलीभगत के संकेत और मजबूत हो गए हैं। इससे साफ पता चलता है की इसमें सम्बंधित अधिकारियो की भी संलिप्तता है।

इस घटना से पूर्व भी बंदारी वेयरहाउस से भेजी गई ट्रक CG04JD1016 (ओनर– जनम ट्रांसपोर्ट एंड कॉन्ट्रेक्टर) में वजन की गंभीर गड़बड़ी सामने आई थी। वेयरहाउस में जहां 30,100 किलोग्राम चावल तौला गया था, वहीं भिनोदा पहुंचने पर वजन घटकर 29,960 किलोग्राम मिला। यह 120-140 किलोग्राम का अंतर स्पष्ट तौर पर चोरी का संकेत था। इसके अलावा सोसायटी में खाली की गई 386 बोरी चावल का अपेक्षित वजन 19,300 किलोग्राम होना चाहिए था, लेकिन खाली ट्रक का वजन निकालने पर केवल 19,160 किलोग्राम पाया गया। यानी लोडिंग से लेकर वितरण तक कुल 120-140 किलोग्राम चावल गायब रहा, जो संगठित चोरी की ओर इशारा करता है।

ग्रामीणों और सरपंच का कहना है कि यह कोई नई घटना नहीं है। जून महीने में भी इसी कंपनी की ट्रक (CG22C0752) से चावल चोरी कर बेचते हुए ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा था, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। कलेक्टर ने उस समय जांच के निर्देश दिए थे, लेकिन आज तक न तो रिपोर्ट सार्वजनिक हुई और न किसी कार्रवाई की जानकारी सामने आई, जिससे ग्रामीणों के संदेह और बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से कई पंचायतों में बिना वजन कराए ही पीडीएस ट्रकों को खाली कराया जाता रहा है, जिसके चलते सोसायटियाँ सैकड़ों क्विंटल के नुकसान में पहुंच गई हैं। प्रशासन अब यह घाटा संचालकों से वसूल रहा है जबकि असली गड़बड़ी वेयरहाउस, ट्रांसपोर्टर और परिवहन स्टाफ के स्तर पर हो रही है।

लगातार एक ही कंपनी की गाड़ियों का चोरी में पकड़ा जाना, वेयरहाउस स्टाफ की संलिप्तता, वजन में अंतर और बार-बार दोहराई जा रही घटनाएँ इस पूरे मामले को साधारण चोरी नहीं बल्कि एक संगठित नेटवर्क की ओर संकेत देती हैं।

छत्तीसगढ हॉकी की 17वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में दिनांक 7 दिसंबर 2025 छत्तीसगढ हॉकी की 17वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न हुई। आमसभा में हॉकी के उत्थान एवं विकास के साथ ही खिलाडियों की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ हॉकी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यो का उत्साह वर्धन किया। मंत्री ने कार्यकारिणी के सदस्यो को हॉकी इंडिया के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं मे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लीये सराहना की कहा की छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को संघ की तरफ से सकरात्मक वातावरण एवं सभी प्रकार के बुनयादी सुविधाए उयलब्ध कराने मे खेल मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन हर संभव मदद करेगी।

छत्तीसगढ हॉकी की 17वीं वार्षिक आमसभा का प्रारंभ अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी की अनुमति से किया गया जिसमें सर्वप्रथम हॉकी छत्तीसगढ के वर्ष 2026-27 के बजट के अनुपादन के साथ हि इस कार्यकाल में हॉकी छत्तीसगढ के द्वारा हॉकी के विकास के लिए किए गये कार्यो का विस्तार पूर्वक जानकारी एवं आगामी वर्ष सबजूनियर, जूनियर व सिनियर प्रतियोगिताओं के लिए स्थाल चयन की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई

फिरोज अंसारी ने अगामी वर्ष के लिए सभी हॉकी जिला ईकाईयों के साथ ही हॉकी से जुडें लोगो व पदाधिकारियों से सहायोग की अपेक्षा करते हुए हॉकी को और आगे ले जाने की बात कही। साथ ही जिन जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कराया जाएगा।

महात्मा गांधी नरेगा के कार्यो ने पकड़ी रफ्तार

■ 4194 प्रगतिरत कार्यो में 29500 से अधिक पंजीकृत ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

कवर्धा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के 438 ग्राम पंचायतो में 4194 निर्माण कार्यों के द्वारा 29500 से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। ग्रामीण अंचलों में रोजगार की मांग पर बड़ी मात्रा में नए निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

तालाब गहरीकरण, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी निर्माण, पशु शेड एवं नाला गाद निकासी सहित अनेक कार्यों में ग्रामीणों को रोजगार का अवसर गांव में ही मिल रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक दिवस 261 रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बरसात खत्म होते ही जिले में मनरेगा योजना के कार्यो ने गति पकड़ते हुए लोगों को रोजगार मिलने लगा है। मनरेगा अंतर्गत अनेको निर्माण कार्यों हो रहे है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में हितग्राही को स्वयं का आवास बनाने के लिए 90 दिवस का रोजगार एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास निर्माण में 95 दिवस का रोजगार मिल रहा है। वर्तमान स्थिति में 369 प्रगतिरत आवास में 9684 हितग्राहियों को अपने पक्के आवास के निर्माण में रोजगार मिल रहा है।

जिले में समर्थन मूल्य पर सुव्यवस्थित धान खरीदी

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू और पारदर्शी रूप से जारी है। जिले की 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के कुल 100 उपार्जन केन्द्रों में अब तक पंजीकृत 1,29,419 किसानों में से 39,723 किसानों द्वारा 1,85,009.36 मी.टन धान की बिक्री की जा चुकी है। इस धान का कुल मूल्य 438.81 करोड़ रुपये है, जिसका भुगतान किसानों को प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार सभी धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की व्यवस्था सुव्यवस्थित है। धान खरीदी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा कोचियों व बिचौलियों द्वारा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लॉक एवं जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। इन दलों द्वारा 10 दिसंबर 2025 तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत 62 प्रकरण दर्ज कर 3,739.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

श्रीरामलला दर्शन योजना रामगोपाल गौराहा के लिए रही अविस्मरणीय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत राजनांदगांव शहर के शांति नगर निवासी रामगोपाल गौराहा के लिए अविस्मरणीय रही। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन करने पर आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला मंदिर भव्य एवं अद्भुत बना है। प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर मन भाव विभोर हो गया और ऐसा लगा कि जीवन के सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। वहां तीर्थयात्रा पर जाने की इच्छा सरकार की इस योजना के माध्यम से पूरी हुई।

गरियाबंद में बालिका गृह खोलने की मांग

■ महिलाओं की प्रतिनिधि मंडली ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से की मुलाकात

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में बालिका संरक्षण और पुनर्वास के लिए लंबे समय से लंबित मांग को लेकर आज गरियाबंद की महिला प्रतिनिधियों का एक दल राज्य सरकार के समक्ष पहुंचा। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से गरियाबंद बाल कल्याण समिति की सदस्य तथा स्वावलंबी महिला विकास समिति गरियाबंद की टीम ने मुलाकात कर गरियाबंद जिला मुख्यालय में बालिका गृह खोलने की औपचारिक मांग प्रस्तुत की।

इस प्रतिनिधि मंडल में समिति की अध्यक्ष बिंदु वर्मा, सदस्य विनिता शर्मा, गुलेश्वरी ठाकुर और साक्षी कुटारे शामिल रहीं। सभी ने मिलकर जिले की संवेदनशील स्थिति और बालिकाओं को होने वाली परेशानियों का विस्तृत विवरण विस्तार से बताया।

14 साल पहले बना जिला, अब भी बालिका गृह का अभाव

गरियाबंद जिला गठन के 14 साल बाद भी यहां बालिका गृह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और कई गांव जंगलों के भीतर बसे हुए हैं। रायपुर की दूरी करीब 90 किलोमीटर होने के कारण कई बार मामले गंभीर हो जाते हैं, लेकिन त्वरित संरक्षण उपलब्ध नहीं हो पाता।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लीला बाई को मिली नई पहचान

नया आत्मविश्वास और नई उड़ान दी, मिट्टी के घर से पक्के सपनों तक की यात्रा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सोरम की शांत और सरल ग्रामीण बस्तियों के बीच रहने वाली लीला बाई ध्रुव पति स्वर्गीय रामगुलाम ध्रुव हमेशा से एक संघर्षशील महिला के रूप में जानी जाती रही है। जीवन की राह उनके लिए कभी आसान नहीं रही। पति के निधन के बाद तो मानो पूरा संसार एक पल में बदल गया। घर की जिम्मेदारियों का बोझ, रोजमर्रा की जरूरतों का तनाव, और टूटते-बिखरते कच्चे घर में रहने की मजबूरी इन सबने लीला बाई के जीवन को मुश्किलों के पहाड़ में बदल दिया था।

योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही श्रीमती लीला बाई बताती है कि उनका पुराना मिट्टी का घर हर मौसम का सामना करने में असमर्थ था। गर्मियों में दीवारों में दरारें पड़ जाती , सर्दियों में ठंडी हवाएं भीतर तक चुभती थी और बारिश में तो जैसे डर ही उनके घर का स्थायी मेहमान बन जाती थी। छत टपकती थी, दीवारें गलती थी और रातें चिंताओं में बीतती थी। वे अक्सर भगवान से यह प्रार्थना करती हे भगवान काश मेरे पास भी एक पक्का घर होता पति के जाने के बाद जीवन की सबसे बड़ी चिंता सिर पर सुरक्षित छत की थी। बच्चे अपने काम-काज में लगे थे और स्वयं लीला बाई अपने बूढ़े कंधों पर घर को संभाल रही थी। उन्हें लगता था कि शायद अब पक्का घर केवल सपना ही रह जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जब उन्हें पता चला कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्वीकृत हो गया है और उनकी आवास आई डी - ष्ट॥118517794 जारी हुई है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह कहती है मुझे लगा जैसे भगवान ने मेरी सुन ली। जैसे मेरे सपनों को भी जगह मिल गई। यह योजना उनके लिए सिर्फ एक सरकारी सहायता नहीं थी एक नई शुरुआत का भरोसा थी विधवा होने का दर्द, गरीबी में जीवन की कठिनाइया, सुरक्षा की चिंता इन सबके बीच यह मकान उनके लिए रोशनी की एक किरण बनकर आया। घर निर्माण शुरू होने के दिन लीला बाई के जीवन के सब यादगार दिन बन गए।

कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य से ज्यादा दाम में बिका धान

कृषक खुश,मंडी प्रशासन का जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। इतिहास में पहली बार सरकारी समर्थन मूल्य से अधिक कीमत पर शुक्रवार को भाटापारा कृषि उपज मंडी में धान बिक गया। शुक्रवार को 3127 प्रति क्विंटल की दर से धान बिका और सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बता दे कि भाटापारा कृषि उपज मंडी में धान के भाव में पूर्व के सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया है ।

प्रदेश में इस समय धान खरीदी जारी है और सरकार के द्वारा निर्धारित रेट 3100 रुपए क्विंटल से ज्यादा कीमत में धान शुक्रवार को भाटापारा कृषि उपज मंडी में बिका जहां दामाखेड़ा के कृषक तुकाराम वर्मा का महामाया धान 3127 रुपए क्विंटल की दर से बिका है।किसान अपनी जींस बेचकर बहुत ही खुश नजर आया,किसान को उच्चतम मूल्य मिलने पर मंडी सचिव चुन्नी लाल ध्रुव ने किसान को बधाई भी दी है। उनका यह धान फर्म राधे तुलसी के द्वारा लिया गया है।

किसान ने बातचीत में कहा कि मेरा धान भाटापारा कृषि उपज मंडी में सबसे अधिक मूल्य अर्थात 3127 क्विंटल में बिक गया है यह मेरे लिए भी गौरव की बात है और भाटापारा मंडी के लिए भी गौरव की बात है। किसान ने कृषि उपज मंडी भाटापारा की व्यवस्था के लिए मंडी प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। किसान ने बातचीत में कहा कि भाटापारा कृषि उपज मंडी में धान का भाव बहुत अच्छा मिल रहा है यही वजह है कि मैं अपना धान हमेशा ही भाटापारा कृषि उपज मंडी में बेचने के लिए लाता रहा हूं । इधर कृषि उपज मंडी में पूर्व की तुलना में धान की आवक में कमी जरूर हो गई है परंतु भाव उच्चतम स्तर पर चल रहा है जिसके कारण समर्थन मूल्य में सरकार की खरीदी शुरू होने के बावजूद किसान अपना धान भाटापारा कृषि उपज मंडी में बेचने के लिए ला रहे हैं।

शुक्रवार को भी 8000 क्विंटल से अधिक की आवक रही। शुक्रवार को भाटापारा कृषि उपज मंडी में महामाया नया धान का भाव न्यूनतम 2465 रुपया और अधिकतम 3127 रुपए तक बिक गया है इसका औसत भाव 2711 रुपया प्रति क्विंटल कि दर पर चल रहा है।

इस मामले में भाटापारा कृषि उपज मंडी के वरिष्ठ सचिव चुन्नीलाल ध्रुव ने कहा कि भाटापारा कृषि उपज मंडी में हमेशा से ही किसानों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखा जाता रहा है और उन्हें भाव भी उच्चतम से उच्चतम प्राप्त हो इस बात का भी प्रयास मंडी प्रशासन की ओर से लगातार किया जाता है यही कारण है कि इस बार पुराने सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 3127 रुपए तक भाव चल गया है। बता दे की भाटापारा कृषि उपज मंडी काफी पुरानी मंडियों में से एक है। यहां पर साल भर आवक बने रहती है।

मंडी प्रांगण में किसान का धान राज्य शासन के द्वारा निर्धारित रेट से ज्यादा में बिकने की खबर के बाद मंडी सचिव चुन्नी लाल ध्रुव,सहायक उप निरीक्षक श्याम लाल यादव ने किसान को उनकी जींस का सर्वाधिक भाव मिलने पर कृषक को ना केवल बधाई दी बल्कि उनकी उपज तौलाई और उसके भुगतान की भी जानकारी ली।

नगरी में विराट हिन्दू सम्मेलन हेतु समिति का गठन, प्रसिद्ध संतों को बुलाने की तैयारी

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस शताब्दी वर्ष 2025 में पूरे देश भर में सात महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नगरी खंड में विजयदशमी पर्व एवं गृह गृह संपर्क अभियान के बाद तृतीय कार्यक्रम विराट हिंदू सम्मेलन हेतु कल नगरी दंतेश्वरी मंदिर परिसर में बैठक रखी गई थी। जिसमें सर्वसम्मति से समिति के संयोजक आर एल देव, सहसंयोजक परमेश्वर सोनबेर, सहसंयोजक सुश्री शकुन कश्यप, सहसंयोजक सुलोचना सिन्हा, सचिव तुलसीराम साहू , कोषाध्यक्ष मोहन नाहटा, व कार्यकारिणी सदस्य- मौरज पटेल , हृदय साहू , अजय नाहटा , कमल डागा , बलजीत छाबड़ा , अश्वनी निषाद , दीनदयाल यादव , रामविलास सिन्हा , नरेंद्र नाग , संत कोठारी , बिट्टू खनूजा , सरपंच फरसियां केशव टेकाम , शिवदयाल साहू , अधिवक्ता आर पी साहू व नगरी व फरसियां मंडल के सभी 28 गांव से एक एक सदस्य का नाम प्रस्तावित किया गया। हिंदू सम्मेलन नगरी मंडल एवं फरसियां मंडल का संयुक्त आयोजन नगरी में होगा। क्रियान्वयन समिति के सदस्य शीघ्र ही आपसी चर्चा कर नगरी मंडल और फरसियां मंडल के सभी ग्रामों में सभी हिंदू भाई बहनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु नगरी मंडल के 14 गांव नगरी, चुरियारा, तुमबाहरा, मुकुंदपुर, कर्राघाटी, हरदीभाटा, चमेदा, देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर छिपली, मोदे, अमाली, संबलपुर एवम् फरसियां मंडल के 14 गांव फरसियां, निर्राबेड़ा, चंदनबाहरा, गोरेगांव, सामतरा, टेंगना, भैसामुड़ा , खुदुरपानी, मटियाबाहरा, चारगांव, जबर्रा, खरका, बोडरा, घोरागांव के ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे ।

श्री राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी, 31 को होगा आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। इमलीभाठा महासमुंद श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा 31 दिसंबर को प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति की ओर से सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर सुबह से रात्रि तक विविध धार्मिक आयोजन का निर्णय लिया गया है। तत्संबंध में प्रथम बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम हिंदू तिथि के अनुसार 31 दिसंबर को आयोजित होगा।

आयोजन के लिए धनराशि संग्रह के लिये कमेटी बनाने के निर्णय के साथ 12 बजे पूजन एवं सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसादी देने पर चर्चा हुई एवं रानी लक्ष्मीबाई बस्ती के सभी मंदिरों व देवालयों के लिए प्रसाद व फूलमाला की व्यवस्था होगी। इसके लिए पत्रक छपाने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन एवं विजय चंद्राकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन समाहित होगा।

बस्ती के सभी पार्षदों सहित शहर के गणमान्यों को आमंत्रित किया जाएगा। शाम 6 बजे सभी घरों में दीप प्रज्वलन एवं घरों की सजावट के लिए प्रेरित किया जाएगा। पश्चात शाम 7 बजे से स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 4)
- प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर -
Email ID - rmczone4@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र.26525 दिनांक10-12-2025
वार्ड का नाम- 57 भगवती चरण शुक्ला वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR342F00470 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती M.A. KHAN पिता / पति श्री/श्रीमती... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **मोहम्मद हबीबउल्लाह खान, मोहम्मद ज़फरउल्लाह खान, मोहम्मद शफी उल्लाह खान, मोहम्मद महबूब खान** पिता /पति श्री/श्रीमती **सभी पिता मरहूम मोहम्मद अलीम खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे "
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 4)
- प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर -
Email ID - rmczone4@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र.26055 दिनांक 25-11-2025
वार्ड का नाम- 64 डां. विपिन बिहारी सूर वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR656H00061 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती RADHA THAKUR पिता / पति श्री/श्रीमती... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **भूमिका सिंह ठाकुर, युवराज प्रताप सिंह** पिता /पति श्री/श्रीमती **दोनों पिता स्व. कृष्ण प्रताप सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे "
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 202512100400134/अ-2/ वर्ष 2025-26 — पक्षकार का नाम: रामप्यारी सागरवंशी — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रामप्यारी सागरवंशी आ./पति नानका सागरवंशी निवासी कसारीडीह दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	633/98	0.0200 हें वर्गफीट 2100	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430107200014
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी खेमदास पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, प्रहलाद पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, ध्रुव कुमार पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, नरोत्तम पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 313/1 (0.1690), 313/3(0.2550), 616/10 (0.4710) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नरोत्तम पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, खेमदास पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, प्रहलाद पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग, ध्रुव कुमार पिता/पति दयाराम पता उरला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.12.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन
मैं राज कुमार पटेल, आ. स्व. श्री गोपाल पटेल, उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खिलोराकला, थाना धमधा, तह. धमधा, जिला दुर्ग, (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार है। यह कि, मेरी पुत्री प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) है। जिसका भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड जिसका नं. 306661259124 है में त्रुटीवश मेरी पुत्री प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) का घरेलू नाम पुष्पा पटेल (PUSPA PATEL) दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं पूर्ण नाम प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) है, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र जिसका पंजीयन क्रमांक बी 2014/5305, जारी दिनांक 21/02/2025 में व मेरी पुत्री के स्कूल सर्टिफिकेट जो की कक्षा पहली, दुसरी, तीसरी व चौथी, के प्रगति पत्रक से स्पष्ट है। यह कि, प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) व पुष्पा पटेल (PUSPA PATEL) दोनों ही नाम मेरी पुत्री के हैं, जिसमें से प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में उपयोग किये जाते है अर्थात् प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम है एवं पुष्पा पटेल (PUSPA PATEL) मेरी पुत्री का घरेलू नाम है। यह कि, मेरी पुत्री के समस्त शासकीय व अर्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य स्थानों पर जिस प्रकार मेरी पुत्री का नाम प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) दर्ज है उसी अनुसार अपनी पुत्री के आधारकार्ड में भी अपनी पुत्री का सत्य व वास्तविक नाम प्रिया पटेल (PRIYA PATEL) सुधार/दर्ज कराना चाहता हूँ, तथा उक्त नाम परिवर्तन/सुधार की सूचना राजपत्र में दर्ज कराना चाहता हूँ। यह कि, उक्त मेरे द्वारा कथन सही व सत्य है जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता
राज कुमार पटेल
आ. स्व. श्री गोपाल पटेल
निवासी ग्राम खिलोराकला, थाना धमधा, तह. धमधा, जिला दुर्ग, (छ.ग.)

चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु तिथियां घोषित

महासमुंद। छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित चयन सूची में जिला महासमुंद के लिए चयनित आरक्षक (जीडी), आरक्षक (चालक) एवं आरक्षक (ट्रेड-मोची/डीआर) के सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति संबंधी आगे की कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल दस्तावेज, उनकी तीन-तीन छायाप्रतियां, छह पासपोर्ट साइज फोटो एवं तीन प्रतियों में भरा हुआ अनुप्रमाणन फार्म साथ लाना होगा। अनुप्रमाणन फार्म के पृष्ठ क्रमांक 5 में दिए गए।

सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होने मंत्री गुरु खुशवंत को दिया आमंत्रण

महासमुंद/नवप्रदेश। सतनामी समाज द्वारा 13 दिसंबर को निकाली जा रही सतनाम संदेश यात्रा एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। जिसमें गुरु खुशवंत साहेब ने शाम 4 बजे सम्मान समारोह में पहुंचने का आश्वासन दिया है। सतनाम संदेश यात्रा 13 दिसंबर को नगर के हृदय स्थल गुरु घासीदास वार्ड के जैतखाम से 12 बजे आरती वंदन कर लोहिया चौक से मुख्य मार्ग बस स्टैंड दादा बाड़ा से अंबेडकर चौक पहुंचेगी। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेहरू चौक, बरोंडा चौक होते हुए तीन बजे शंकराचार्य भवन में समापन होगी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100033
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रमादेवी पिता/पति अयोध्या प्रसाद पता कसारीडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726/26(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रीतिपाल पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, राकेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, रितेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, राजेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.12.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100034
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी अयोध्या प्रसाद पिता/पति बी.पी. ठाकुर पता कसारीडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726/129(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, प्रीतिपाल पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, रितेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, राकेश ठाकुर पिता/पति स्व. अयोध्या प्रसाद ठाकुर पता वार्ड 40 सुराना कॉलेज केलाबाड़ी दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.12.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800030
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी जीवराखन लाल पटेल पिता/पति लाभोराम पटेल पता प्लाट नं. 7 ब्लाक नं. 8 नेहरुनगर पश्चिम भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 960/3(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ममता पटेल पिता/पति स्व. जीवराखन लाल पटेल पता 8/7 नेहरुनगर पश्चिम भिलाई, राजेश पटेल पिता/पति स्व. जीवराखन लाल पटेल पता 8/7 नेहरुनगर पश्चिम भिलाई, योगेश कुमार पेल पिता/पति स्व. जीवराखन लाल पटेल पता 8/7 नेहरुनगर पश्चिम भिलाई, कमलादेवी पटेल पिता/पति स्व. जीवराखन लाल पटेल पता 8/7 नेहरुनगर पश्चिम भिलाई के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.11.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)
- ईदगाह भाठा नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र.26595 दिनांक12-12-2025
वार्ड का नाम- 40 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569E00332 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SAUMITRA PODDAR (SONI) पिता / पति श्री/श्रीमती LT. CHAMAN KUMAR SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती AJAY KUMAR DHOMNE पिता /पति श्री/श्रीमती BHAU RAO DHOMNE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)
- ईदगाह भाठा नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र.26638 दिनांक12-12-2025
वार्ड का नाम- 42 महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR565F00360 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NAGARAM SONI पिता / पति श्री/श्रीमती SONARAM SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती BHAGIRATH SONI पिता /पति श्री/श्रीमती LT. NAGARAM SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कसडोल तहसील कसडोल जिला- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
// ईश्तहार//
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुकलाल यादव पिता पुनीराम यादव जाति रावत ग्राम-सोनाईडीह प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0) ने अपने माता कौशिल्या बाई पति पुनिराम यादव जाति रावत का मृत्यु दिनांक 20/08/2008 को ग्राम सोनाईडीह में हुआ है, बताया गया है। आवेदक/आवेदिका द्वारा अपने माता के मृत्यु का पंजीयन अज्ञानतावश ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में आज पर्यन्त तक दर्ज नहीं कराया गया है। वर्तमान में आवेदक/आवेदिका को शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्य मे मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है जिस हेतु आवेदक / आवेदिका द्वारा अपने माता के मृत्यु के पंजीयन के संबंध में आदेश प्रदाय किये जाने हेतु निम्न दस्तावेज आवेदनपत्र मय शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो, तो वह दिनांक 12/12/2025 को 11.00 बजे तहसील कार्यालय कसडोल में व्यक्तिगत रूप से या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर — **तहसीलदार कसडोल**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)
- ईदगाह भाठा नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र.26577 दिनांक12-12-2025
वार्ड का नाम- 40 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569D00274 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती REKHA DIWAN पिता / पति श्री/श्रीमती LATE. BHASKAR DIWAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती RAJUL JAIN पिता /पति श्री/श्रीमती VIKAS SINGHAI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.202512100700060 /अ-06/वर्ष 2025-26
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राकेश शदाणी पिता बक्शमल शदाण निवासी म.नं. 445 सिंधी कॉलोनी, आमदी मंदिर वार्ड नं. 24 दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 296/311 रकबा 0.008 हे. 910 वर्गफीट 84.57 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 24,70,000/- रूपये भूमि को विक्रेता श्रीमती छत्रवती शुक्ला पति विनय शुक्ला निवासी वार्ड नं.-17, कादम्बरी नगर, सरस्वती ज्ञान मंदिर के पास दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29/05/2025 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 08.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय कलेक्टर
महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-बीजापुर
Phone Number Fax Number 07853-220346 E-mail ID- bijapurdwcdo@gmail.com
क्रमांक /1192 /मबावि/स्था./2025-26 बीजापुर, दिनांक 11/12/2025
// अभिरूचि का प्रस्ताव सूचना //
नीति आयोग के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन बीजापुर, महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत चयनित 200 आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक जीवन कौशल विकास एवं बाल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं के बीच सहयोगी साझेदारी के लिए ईसीसीई क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से अभिरुचि प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। अभिरूचि प्रस्ताव दिनाँक 31.12.2025 समय 12.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर में जमा किया जा सकता है। इसके पश्चात 31.12.2025 अपरान्ह 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अभिरूचि प्रस्ताव की समीक्षा तथा एक निर्धारित तिथि एवं समय पर संस्था द्वारा पावर पाइंटस प्रस्तुतीकरण और प्रदाय / उपयोग की जाने वाली सामग्री के नमूनों का अवलोकन के आधार पर चयन किया जावेगा।
इस संबंध में नियम शर्ते सामग्री की सूची के तय मानकों सहित एवं धरोहर राशि तथा सुरक्षा निधि इत्यादि की जानकारी सहित अभिरूचि प्रस्ताव प्रपत्र हेतु रूपए 1000.00 विभागीय मद **"0235" सामाजिक सुरक्षा और कल्याण "02"विविध आय** में जमाकर के चालान की प्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में अभिरूचि प्रस्ताव सूचना जारी होने की तिथि से दिनाँक 31.12.2025 समय सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर
जी-252605416/3

मुनगाशेर और गांजर धान खरीदी केंद्र पहुंचे कलेक्टर

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज बागबाहरा विकासखंड के मुनगाशेर और गांजर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में हो रही धान तुलाई, संग्रहण, परिवहन व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा नमिता मारकोले मौजूद थी।

कलेक्टर श्री लंगेह ने उपार्जन केंद्र में संधारित सभी रजिस्टरों का परीक्षण किया, जिसमें टोकन वितरण रजिस्टर, तुलाई रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन अभिलेख शामिल थे।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
वि./ यां. भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ज्ञाप क्रमांक 2820/व.ले.लि./25-26 रायपुर, दिनांक 10/12/2025
निविदा निरस्तीकरण सूचना
इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 21.11.2025 निविदा सिस्टम क्रमांक-180067 (द्वितीय आमंत्रण) में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है। जिसका जी नम्बर 252604978/1 है।
कार्यपालन अभियंता,
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग,
जी-252605428/7 जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)
क्र.1067/न.पा./ लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 12 /12/2025
// प्रथम ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //
नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
181688	Design, Construction, Testing, Commissioning of All the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work including 05 years of Operation and Maintenance of the Entire system in Nagar Palika Parishad, Mungeli under SBM 2.0	624.09	312000	18 माह	सक्षम श्रेणी

टीप- निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in) में अवलोकन किया जा सकता है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु.(लाख में)
1	2	3
255/181169	CONSTRUCTION OF FIRE FIGHTING & HYDRANT SYSTEM AND SUMPWELL AT GIRLS POLYTECHNIC COLLEGE & HOSTEL BUILDING, BYRON BAZAR RAIPUR UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 45.27 लाख
166/181406	WATER PROOFING WORK AT RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER SUB-DIVISION NO. 1 RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 15.00 लाख
270/181407	CONSTRUCTION OF AAMDI TO RAWELI APPROACH ROAD LENGTH- 1.55 K.M. AT RAIPUR (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 117.19 लाख
234/181408	BARRICADING AND HUTMENT FOR CHHATTISGARH BHAWAN AND CULTURAL CENTRE AT PLOT NO: 30A, SECTOR-17, VASHI, NAVI MUMBAI (तृतीय आमंत्रण)	रू. 50.57 लाख
267/181409	SPECIAL REPAIR WORKS AT SERVICE ROAD OF ATAL EXPRESS WAY (FAFADIHI TO SADANI DARBAR MANA JUNCTION) RAIPUR (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 19.99 लाख

एन.आई.टी.क्र.255 सिस्टम टेन्डर नं. 181169, एन.आई.टी. क्र.166 सिस्टम टेन्डर नं. 181406, एन.आई.टी. क्र.270 सिस्टम टेन्डर नं. 181407 एवं एन.आई.टी. क्र .267 सिस्टम टेन्डर नं. 181409 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.12.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.234 सिस्टम टेन्डर नं. 181408 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.12.2025 समय सायं 5:30 बजे तक
उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।
अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
जी-252605441/4 रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं- 0771-2535780, 90, फैक्स - 0771-2227395; ई-मेल: dc_rmc@rediffmail.com
क्रमांक 207/यो. शाखा/नपानि/25 रायपुर, दिनांक 11/12/2025
निविदा आमंत्रण सूचना
नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों / फर्मों से सीलबंद निविदा फार्म "B" में ऑयटम दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 02.01.2026 को अपरांह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 31.12.2025 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 02.01.2026 को अपरांह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकार / उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि रू.	अमानती राशि रू.	निविदा प्रपत्र	श्रेणी	कार्यावधि
1.	नगर पालिक निगम, रायपुर के नवीन मुख्यालय भवन में आहुत की जाने वाली सामान्य सभा, मेयर इन काउंसिल एवं अन्य विभागीय बैठको के लिये भोजन नास्ता, चाय, पानी की व्यवस्था।	20,00,000/-	20,000/-	750/-	प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों / फर्मो	12 माह

नियम शर्ते :-
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एंव लिफाफा (ब) में वित्तीय आफर।
4. लिफाफा (अ) में राशि रू. 100/- के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में निविदा के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों के सत्यापन संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
5. कार्य की अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।
8. निविदा दर प्रति नग की दर का उल्लेख करना होगा, दर शब्दों में भी अंकित करेंगे।
घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।
कार्यपालन अभियंता,
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

10 दिन में 83 हार्ट प्रक्रियाएं

हार्ट इमरजेंसी पर अम्बेडकर ने समय पर दी जीवनरक्षक सेवाएं

❑हृदय रोगियों की सेवा के लिए कार्डियोलॉजी विभाग हाई अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों शीतलहर का दौर जारी है, जिसके कारण हृदयघात (हार्ट अटैक) के मामलों में संभावित वृद्धि को देखते हुए अम्बेडकर अस्पताल का कार्डियोलॉजी विभाग हाई अलर्ट पर है। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में बुजुर्गों, हृदय रोगियों सहित अन्य किसी को भी हार्ट अटैक का जोखिम अधिक रहता है, ऐसे में किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। डॉ. सोनकर ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हृदय रोग विभाग में 24 घंटे त्वरित एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गंभीर हृदयघात के मरीजों के लिए आपात एंजियोप्लास्टी की व्यवस्था भी निरंतर जारी है।

तीन ज़िंदगियां बचीं

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष कार्डियोलॉजी डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 10 दिनों में आपातकालीन अवस्था में आए 3 गंभीर हृदयघात मरीजों की आपात एंजियोप्लास्टी कर सफलतापूर्वक जान बचाई गई है।

1 से 11 दिसंबर 2025 के बीच कार्डियोलॉजी विभाग में की गई प्रमुख प्रक्रियाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

एंजियोग्राफी - 52
एंजियोप्लास्टी - 24
पेसमेकर प्रत्यारोपण - 04
टावी प्रक्रिया - 01
आपात एंजियोप्लास्टी - 03

कुल मिलाकर 83 हृदय संबंधी प्रक्रियाएं संपन्न की गईं। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि शीत ऋतु में अत्यधिक ठंड से बचें, नियमित स्वास्थ्य की जांच कराते रहें और हृदय से संबंधित किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें।

दिव्यांगजन स्वावलंबन को नई दिशा, शासन की पहल से चंदन निलहर बने आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना आज हजारों परिवारों के लिए आशा की किरण बन चुकी है। इसी योजना ने रायपुर जिले के ग्राम देवपुरी निवासी श्री चंदन निलहर के जीवन में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। जन्म से दिव्यांग और आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर स्थिति वाले निलहर पर पिता के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई थी। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वे संघर्ष कर रहे थे। ऐसे समय में उन्होंने समाज कल्याण विभाग से संपर्क कर ई-रिक्शा क्रय हेतु ऋण आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग द्वारा सभी आवश्यक जांच के पश्चात छत्तीसगढ़ दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम, रायपुर के माध्यम से वर्ष 2024 में 3 लाख 44 हजार 730 का ऋण स्वीकृत किया गया। न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराए गए इस ऋण से निलहर को ई-रिक्शा प्राप्त हुआ, जिसने उनकी तकदीर ही बदल दी। आज वे प्रतिदिन ई-रिक्शा चलाकर स्थिर आय अर्जित कर रहे हैं और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। अब उनके घर में आर्थिक स्थिरता आई है और जीवन में आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को व्यवस्थित और सरल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रायपुर ने विधानसभा-वार हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन अथवा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए नागरिक अब सीधे इन नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा के लिए अलग-अलग सहायता नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे नागरिकों को त्वरित और प्रभावी समाधान मिल सके। प्रशासन ने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। हेल्पलाइन नंबर इस प्रकार हैंः पश्चिम विधानसभा के लिए 9977222564, दक्षिण विधानसभा के लिए 9977222574, उत्तर विधानसभा के लिए 9977222584 तथा ग्रामीण विधानसभा के 9977222594 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए है।

11 विभागों के 116 प्रावधानों में होगा बदलाव

❑ प्रदेश में वैट समेत 3 कानूनों से कैद की सजा हटाने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार जन विश्वास विधेयक का दूसरा भाग विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लाने जा रही है। इसके तहत 11 विभागों के 14 अधिनियम की 36 धाराओं के 116 प्रावधान बदले जाएंगे। इस तरह सरकार तीन प्रमुख अधिनियमों में ऐसे प्रावधानों को बदलने जा रही है, जिनमें मामूली गलतियों पर आपराधिक मुकदमे और जेल की सजा का प्रावधान है। इनमें वैट अधिनियम, 2005 के तहत पहले देर से टैक्स जमा, गलत रिटर्न भरने या पंजीयन में त्रुटि जैसी चूक पर छह माह तक की कैद और जुर्माने का प्रावधान था। ऐसे मामलों में कैद की सजा हटाकर जुर्माने का प्रावधान करने की तैयारी है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से एमएसएमई और छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी, व्यापार के प्रति डर कम होगा और न्यायालयों पर अनावश्यक आपराधिक मामलों का बोझ घटेगा। सीएम साय द्वारा पूर्व में किए गए सुधारों के कारण बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) में 'टॉप अचीवर' घोषित किया जा चुका है। अब तक 434 सुधार लागू किए हैं जो 'इज ऑफडुइंग बिजनेस' व 'एज ऑफ लिविंग' को सशक्त बनाने की दिशा में उसके प्रयासों को दर्शाते हैं।

11 विभागों की 36 धाराओं में बदलाव होंगे

जिन 11 विभागों के 36 धाराओं के 116 प्रावधान बदले जाएंगे उनमें वाणिज्यिककर जीएसटी, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, मछलीपालन, श्रम, पंचायत, आवास एवं पर्यावरण, जलसंसाधन, स्कूल शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग शामिल है। सबसे अधिक जल संसाधन विभाग में 30 बदलाव होंगे।

संशोधनों से ये लाभ होंगे

-व्यापार और लोगों के लिए कानून को सरल और भरोसेमंद बनाना
-प्रावधान के उल्लंघन होने पर प्रक्रिया को सरलीकरण बनाना।
-न्यायिक बोझ में कमी लाना
-विभागीय स्तर पर निपटारे का प्रावधान
-दोहराए गए अपराधों व उल्लंघन पर कठोरता बनाए रखना

श्रम कल्याण अधिनियम, 1982 :

इसमें श्रम निरीक्षकों को सहयोग न देने, दस्तावेज उपलब्ध न कराने या श्रमिक कल्याण योगदान में देरी जैसी त्रुटियों पर 3-6 माह की कैद का प्रावधान था।

अब ये प्रावधान संभव :

पहली गलती पर अब केवल जुर्माना लगाया जाएगा जबकि दोहराव या गंभीर मामलों में ही कैद का प्रावधान बरकरार रहेगा। इससे नियोक्ता-श्रमिक के बीच तनाव कम होगा और श्रम विभाग प्रक्रियागत मामलों की बजाय वास्तविक श्रमिक हितों पर ध्यान दे सकेगा।

सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम, 2006 :

नहर को नुकसान पहुंचाने, पानी बहाने, पानी की दिशा बदलने या सिंचाई संबंधी अन्य चूकों पर सीधे कैद या जुर्माने का प्रावधान था।

नए प्रस्ताव में :

पहले उल्लंघन पर केवल आर्थिक दंड, दूसरी बार या गंभीर मामलों में ही कैद लग सकेगी। इससे किसानों में भय कम होगा और वे सिंचाई प्रबंधन में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। जल संसाधन अधिकारियों को बेहतर प्रबंधन और रख-रखाव पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं में प्रदेश की उपेक्षा, बीजेपी मौन

सुविधाओं के नाम पर केवल घोषणा और शिलान्यास

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा पर मौन साधने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सांसद दलीय चाटुकारिता में छत्तीसगढ़ का अहित कर रहे हैं, नया रायपुर अटल नगर में नयें ऐम्स के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने 50 एकड़ जमीन अधिग्रहीत करके केंद्र सरकार को निः शुल्क उपलब्ध कराया है लेकिन नए एम्स के निर्माण के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने अब तक फूटी कौड़ी जारी नहीं किया है। आयुष्मान योजना की राशि दुर्भावना पूर्वक रोक दी गई है, वैक्सीन, उपकरण और दवाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, पीएम ।ठभ्ड योजना के तहत राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण केंद्र का शिलान्यास 6 दिसंबर 2023 को किया गया था, आगे कुछ हुआ नहीं लेकिन सुविधाओं के नाम पर केवल घोषणा और शिलान्यास तक ही सीमित रह गया है। मोदी और शाह के सामने भाजपा सांसदों की बोलती बंद है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा के नेता मंत्री एक ही काम का श्रेय दो-दो बार ले लेते हैं लेकिन जनता को लाभ कुछ होता नहीं। पिछले 4 साल से छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय छ्य नियंत्रण संस्थान का दावा भाजपाई कर रहे हैं, पहले मांडवीया स्वास्थ्य मंत्री थे फिर जेपी नड्डा बने, दोनों ने छत्तीसगढ़ की जनता से छल किया, नाम पट्टीका और वृक्ष लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा नेताओं की दुर्भावना और अर्कमण्यता से छत्तीसगढ़ में तमाम केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाएं दम तोड़ रही है, एम्स रायपुर में डॉक्टर और विशेषज्ञों का अभाव है, नर्स और टेक्नीशियन की कमी लगातार बनी हुई है।

तनाव मुक्त होकर स्वस्थ मन से पढ़ाई करें

❑ परीक्षा तैयारी पर दिए महत्वपूर्ण टिप्स कक्षा 10 वीं-12 वीं के विद्यार्थियों से किया संवाद

रायपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर स्वस्थ मन से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि ÷परीक्षा कभी भी जीवन से बड़ी नहीं होती, इसलिए घबराएं नहीं, बल्कि सही समय पर मेहनत शुरू करें। वित्त मंत्री ने रायगढ जिले के पुसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झलमला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 वीं और 12 वीं के ÷बच्चों से चर्चा 2025÷ कार्यक्रम में संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर श्री चौधरी ने विद्यालय में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन कर विद्यार्थियों को तकनीकी व नवीन शिक्षण संसाधनों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि दिसंबर से परीक्षा तक के आगामी तीन महीने सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित रूप से प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करें और छुट्टी के दिनों में 10 घंटे अध्ययन का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा कि एक भी दिन खराब नहीं करना है। यदि आप आने वाले तीन महीनों तक ईमानदारी और संकल्प के साथ पढ़ाई करेंगे तो बेहतर तैयारी और उत्कृष्ट परिणाम निश्चित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।

सरकार के संरक्षण में धान तस्करी कर बेच रहे कोचिया

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार के संरक्षण में कोचियों के द्वारा दूसरे राज्यों से धान तस्करी कर बेचने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि धान खरीदी शुरू हुए 26 दिन हो गया है, लेकिन किसानों को आज भी टोकन नहीं मिलना, बारदाना की कमी, लिमिट कम होने के कारण धान बेच नहीं पा रहे है। वही दूसरे राज्यों से धान तस्करी कर कोचिया यहाँ अधिकारियों के सांठ-गांठ से बेच रहे है, किसानों का हक मार रहे है। डोंगरगढ़ अनुभाग के खाद्य निरीक्षक को कोचियों के मदद करने के आरोप में हटाया गया। झलमला थाना क्षेत्र के मटिया डोंगरी चेक पोस्ट में ग्रामीण ने नायाब तहसीलदार को एमपी से दो गाड़ियों में आ रहे धान को सुरक्षा देकर ले जाते हुए पकड़ा, ग्रामीणों ने विरोध किया तो गाड़ी को जप्त किया गया, लेकिन रात में वाहन चालक को बदल दिया गया, वाहन में लदी धान को बदलकर कोदो भर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार के संरक्षण में ही अवैध धान महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश सीमावर्ती लाकर बेचा जा रहा है। अवैध धान रोकने की जिम्मेदारी जिन पर है वो ही तस्करों से मिलकर तस्करी करवा रहे है।

बर्तन खरीदी में भ्रष्टाचार के लिए केंद्र सरकार के नियम दरकिनार

❑ एल्युमिनियम बर्तन में बच्चों का भोजन पकना स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि अलमुनियम का खाद्य सामग्री निर्माण (भोजन) पर दुष्परिणाम देखे गए हैं स्वास्थ्य पर होने वाले इन्हीं दुष्परिणामों के चलते न्यायालय के आदेश में सरकारी प्रयोग खाद्य सामग्री निर्माण पर रोक है इसके बावजूद प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत एल्यूमिनियम के बर्तन खरीदने के लिए छत्तीसगढ़ में सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसे नियमों के अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विकास उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन के बावजूद एल्यूमिनियम सामग्री के उपयोग पर रोक को दरकिनार कर अपने चाहते फर्मों को लगातार लाभ दिलाने का मामला सामने आया है जो पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

सुप्रीम कोर्ट की नाराज़गी के बाद भी सीख नहीं? हाल ही में स्पोर्ट्स किट के टेंडर पर उच्चतम न्यायालय ने पुनः-टेंडर का आदेश दिया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वोच्च अदालत का हस्तक्षेप यह दर्शाता है कि खरीद प्रक्रिया पर से भरोसा उठता जा रहा है। जनता का प्रश्न है-एक के बाद एक टेंडरों पर संदेह क्यों? एल्यूमिनियम बर्तनों का उपयोग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बन सकता है।

सरकार बिजली बिल में राहत देने के बजाय और लूटने में लगी : कांग्रेस

❑दाम बढ़ने छूट खत्म करने तथा स्मार्ट मीटर के कारण विद्युत के बिल तीन गुना बढ़ गये

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफ योजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज इस महीने से लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार, कोयले का सेस कम होने के कारण बिजली का दाम कम तो नहीं कर रही, ऊपर से एक नया टैक्स लगा रही। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है। अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना ने बदली किसानों की किस्मत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना 2025-26 से शुरू की गई, जिसका लक्ष्य 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों में 1.7 करोड़ किसानों की आय और कृषि उत्पादकता बढ़ाना है, जिसके लिए 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं को समन्वित किया गया है। इसे सिंचाई, भंडारण, आसान ऋण तथा फसल विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके

किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी

खेती-किसानी आधारित जिले जशपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कृषि-उन्मुख नीतियों और प्रदेश में योजनाओं की तेज गति से क्रियान्वयन के कारण किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर बीज, सिंचाई सहायता और कृषि विभाग के निरंतर मार्गदर्शन का व्यापक लाभ मिल रहा है। इससे किसान अब कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। जिले के बगीचा विकासखंड के किसान श्री सुधीर लकड़ा (उरांव) इस योजना के प्रत्यक्ष लाभार्थी के रूप में सामने आए हैं।

उत्पादकता में हुआ सुधार

सुधीर लकड़ा के पास कुल 3.400 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें उन्हें समय-समय पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। आत्मा योजना के तहत ग्रीष्मकालीन मक्का कार्यक्रम, डीएमएफमद से ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की उपलब्धता तथा सौर सुजला योजना के अंतर्गत सोलर सिंचाई सुविधा ने उनकी खेती को सुगम और कम लागत वाला बनाया है। कृषि विभाग के सहयोग से उन्हें खेती के आधुनिक तौर-तरीकों को अपनाने का अवसर मिला, जिससे उनकी उत्पादकता में सुधार हुआ। सुधीर लकड़ा बताते हैं कि इस योजना ने उनकी खेती का स्वरूप बदल दिया है। विभाग से प्राप्त प्रशिक्षण, उन्नत बीज और समय पर सलाह ने उनकी फसल की गुणवत्ता सुधारने में मदद की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह किसान-हितैषी योजना और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को मिल रहा समर्थन उनकी आमदनी बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

किसान की आय में हुई बढ़ोत्तरी

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा उन्हें धान के स्थान पर प्री-बीज ग्रेड मक्का की खेती करने की सलाह दी गई। विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए गए 08 किलोग्राम मक्का बीज से उन्होंने 0.400 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल लगाई। उचित देखरेख, पोषक तत्व खाद, दवाइयों और तकनीकी मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप उन्हें लगभग 10 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जिससे उनकी कुल आय करीब 15,000 रुपये तक पहुँची।

कृषि में आधुनिक तकनीक के उपयोग को मिल रहा बढ़ावा

(PMDDKY) योजना के माध्यम से क्षेत्र में फसल उत्पादन में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, भंडारण क्षमता विकास तथा कृषि में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। यह योजना अनाज, दलहन, तिलहन में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के साथ ही मशीनीकरण, जैविक खेती और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

किसान मजदूर संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक

नगरी/नवप्रदेश। डोगरडुला, परसापानी, राजपुर, गट्टासिल्ली और दुगली क्षेत्र के किसानों की महत्वपूर्ण बैठक बांधा के बाजार स्थल पर किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों ने क्षेत्र में प्रस्तावित नहर एवं नाली के विस्तार निर्माण कार्यों पर गंभीर चर्चा की। समिति द्वारा सर्वसम्मति से एक कोर कमेटी का गठन किया गया, जो निर्माण कार्यों की नियमित रूप से निगरानी करेगी तथा सिंचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और समय पर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

वही बैठक में गौतम मरकाम, मानक साहू, नरसिंह मरकाम, डेविड ठाकुर, शिवकुमार परिहार, नंदू साहू, मन्नू नेताम, पुष्पा मंडावी, फुलेश्वरी, रमेश मंडावी, रुपेन्द्र कुमार, नारायण मरकाम, नारायण वट्टी, राजाराम मंडावी, शत्रुधन, साक्षी अनुप वट्टी, राकेश मरकाम, सुकलाल परदे, दिलीप मरकाम, दिनेश साहू, धीरसिंह तथा अमृत मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। बैठक के अंत में किसानों ने नहर-नाली विस्तार कार्य शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई।

युवा अपने जीवन में गायत्री मंत्र जैसे मूल्यों को अपनाएं : इंद्र

■ डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट किया

भाटापारा/नवप्रदेश। गायत्री परिवार ने हमेशा समाज को जोड़ने, संस्कार देने और मानवता को ऊंचा उठाने का कार्य किया है आज जब समाज चुनौतियों से घिरा है तब ऐसे कार्यक्रम हमे प्रेम,एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने नगर में चल रहे 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

के मुख्य मंच से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कही। विधायक इंद्र साव ने इस आयोजन में शामिल होने दूर दूर से आए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आज भाटापारा की धरती एक बार फिर से धन्य हो गई,जब इस धार्मिक नगरी में इतने बड़े आयोजन में शामिल होने हिंदुस्तान के अनेक प्रदेश के लोग अपनी उपस्थिति दे रहे है।विधायक ने कहा कि नगर कि धरती में आयोजित इस महायज्ञ के अवसर पर हमे संकल्प लेना चाहिए कि शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देने, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा, युवा शक्ति के विकास तथा गांव गांव मे धार्मिक, रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन को इसी तरह प्रोत्साहित करे।वही उन्होंने युवाओं से अपने जीवन मे गायत्री मंत्र के मूल्यो को अपनाने की अपील की और कहा कि गायत्री मंत्र, ज्ञान , शक्ति और प्रेरणा का अद्भुत श्रोत है जो जीवन मे सत्य और सदकार्यो का मार्ग प्रशस्त करती है । इस आयोजन से जुड़े तमाम लोगों का विधायक इंद्र साव ने आभार जताया कि इतने बड़े आयोजन में यहां आने का उन्हें अवसर मिला।

इस अवसर पर विधायक इंद्र साव का देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि नगर में 4 दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायोग चल रहा है इस यज्ञ में शामिल होने काफी बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े लोगों का नगर आगमन हो रहा है।इस समय पूरे शहर में गायत्री परिवार के लोग नजर आ रहे है।

महासमुंद से 5 मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण में हुए शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण 5 से 10 दिसंबर तक आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ से 150 प्रशिक्षार्थी सहित देश के 500 ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले के 5 सहयोग योग शिक्षकों मनकूराम रौतिया, केशव देवांगन, राजेंद्र वर्मा, संदीप पटले, बसंत साहू ने इस शिविर में भाग लेकर मुख्य योग शिक्षक की परीक्षा पास की। साथ ही सक्रिय कार्यकर्ता मनकूराम रौतिया ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आजीवन सदस्य बनकर जिले का मान बढ़ाया। स्वामी रामदेव के अनुसार छत्तीसगढ़ योग में निरंतर आगे बढ़ रहा है । स्वामी ने जिले में एक बड़ा योग शिविर करने का आश्वासन दिया है। शिविर के अंतिम सत्र के पश्चात केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

देवरानी ने जेठानी से की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश।बसना थाना क्षेत्र के ग्राम देवलगढ़ में धान काटने की बात को लेकर देवरानी ने जेठानी की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सौदामिनी साहू ने थाने में शिकायत की है कि खजूरडोली में उनके पति के हिस्से के खेत में वे खेती करते हैं। 10 दिसंबर की दोपहर 2.30 बजे वह पति शरद कुमार साहू के साथ खेत गई थी। खेत के धान को उसकी देवरानी बसंती साहू हंसिया से काट रही थी। जब उससे पूछा कि उनके खेत का ध्यान क्यों काट रही हो, तो बसंती साहू ने गाली- गलौज करते हुए हंसिया से मारने के लिये दौड़ी, बीच बचाव के दौरान हंसिया से दाहिने हाथ के कलाई के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

गाली-गलौज कर की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को चौकबेड़ा के केशवराम कोसरे ने बताया कि 10 दिसंबर की रात करीब 7 बजे घर के सामने गली में महेश महेश्वरी, धनेश महेश्वरी, रेशकुमार बंजारे के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय गांव के भुनेश्वर जोगी ने गाली- गलौज करते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गायत्री परिवार सत्संकल्प पाठ के लिए कर रहा प्रेरित

महासमुंद/नवप्रदेश। गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा विभिन्न इकाइयों, पंचायत एवं विद्यालयों में संपर्क कर परिवार एवं समाज निर्माण के लिए सत संकल्प पाठ के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरेकेल, झलप, कछारडीह, तुरगा, के विद्यालयों एवं पंचायत से संपर्क कर विद्यालयों में बच्चों को प्रार्थना स्थल पर सत्संकल्प पाठ कराने का निवेदन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी आमसभा व पंचायत बैठक में भी इस संकल्प का वाचन का निवेदन सरपंच व पंचों से किया गया। विद्यालयों तथा पंचायत में सत संकल्प पाठ के लिए चार्ट वितरण किया गया।

सबका साथ सबका विकास को जिला कलेक्टर कन्नौजे सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कर रहे साकार

■ ग्रामीणों की मांग पर तत्काल तहसील लिंक कोर्ट खोलने के निर्देश

भटगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के बरमकेला ब्लॉक के दूरस्थ वनांचल ग्राम डोंगरीपाली में रात्रिकालीन जन चौपाल लगाकर वहां के ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का जमीनी हकीकत जाना। कार्यक्रम का उद्देश्य कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने डोंगरीपाली के ऐसे ग्रामीणों की सुविधा के लिए किया था, जो कलेक्टर जनदर्शन जैसे कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सारंगढ़ नहीं पहुंच पाते थे और उनकी समस्या, मांग, शिकायत कलेक्टर तक नहीं पहुंच पाते थे। कलेक्टर एवं अधिकारियों के आगमन पर गांव में खुशहाली का माहौल था। ग्रामीणों ने सभी का स्वागत किया। चौपाल के अंत में कलेक्टर के साथ ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने सेल्फी लीं।

डॉ. कन्नौजे ने सभी ग्रामीणों से आंगनबाड़ी, स्कूल संचालन, मध्यान्ह भोजन, राशन दुकान के बारे में पूछा कि कोई समस्या तो नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि मीडिल स्कूल का एक शिक्षक अनुपस्थित रहती है, जिसका नाम ग्रामीणों से लेकर कलेक्टर ने डीईओ और बीईओ को उसके संबंध में जानकारी के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक बालक ने मध्यान्ह भोजन में भरपेट भोजन नहीं मिलने की बात कही। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन के संचालनकर्ता दल को और डीईओ को निर्देश दिए कि बच्चों को भरपेट भोजन खिलाएं। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य में कहा कि किसी भी किसान का एग्रीस्टेक में रकबा पंजीयन छूटा है तो तहसीलदार से उस रकबा को जोड़ सकते हैं। कलेक्टर ने गांव में पीएम आवास ग्रामीण के 259 स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और महतारी वंदन, एसआईआर के कार्यों के संबंध में जानकारी लिया।

बिहान समूह की दीदियों ने जानकारी दी कि वे बकरी पालन और कपड़ा बुनाई का कार्य कर रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम सूखापाली की महिलाएं अमरूद की सामूहिक खेती कर रही हैं। इसके लिए वे लोन ली हैं। इसी प्रकार आप सभी भी लोन लेकर अच्छा कार्य करें। गांव में 9 समूह है, जिसमें 90 महिलाएं कार्यरत हैं। गांव में जल जीवन मिशन से पानी टंकी बन गया है, पाईप लाइन बिछ गई है और पानी सप्लाई चालू है। 30 घर में जहां पानी नहीं पहुंचा वहां कलेक्टर ने बोर खनन कर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। दिव्यांग बालिका अग्नि चौहान की मांग पर कलेक्टर ने एक सप्ताह में ट्रायसायकल देने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिए। इसी प्रकार ग्रामीणों ने कॉलेज खोलने, अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और टॉवर लगाने की मांग की। कलेक्टर ने भूमिहीन ग्रामीणों को कहा कि वे सत्यापन कराएं और पोर्टल में ईकेवायसी कराएं ताकि उन्हें दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए का सहायता राशि का भुगतान किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि इसके लिए गांव में मुनादी कराया कराकर रात्रिकालीन जन चौपाल की सूचना दी गई जिसमें समय पर ग्रामीण जन, कलेक्टर और जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे। शाम का समय चुना गया ताकि दोनों पक्ष अधिकारियों और ग्रामीणों का नियत कार्य समाप्त होने पर, वे आपस में एक दूसरे के समक्ष उपस्थित होकर राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए संवाद के माध्यम से समस्या का निराकरण कर सके, यह कलेक्टर डॉ. कन्नौजे का पहल है।

निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह की बलौदा बाजार जिले में हुई वापसी

भाटापारा/नवप्रदेश। राजधानी में पदस्थ निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह का तबादला बलौदा बाजार जिले में किया गया है।वे पूर्व में भी इस जिले के विभिन्न थानों सहित यातायात प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। पुलिस महानिदेशक ने गुरुवार को 4 निरीक्षक 2 उप निरीक्षक सहित 6 पुलिस अधिकारियों की तैनाती पोस्टिंग आदेश जारी किया है,जिसमें रायपुर में पदस्थ निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को एक बार पुन: बलौदा बाजार जिले में तैनात किया गया है।विदित हो कि निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह राजधानी में अपनी पदस्थापना के पूर्व बलौदा बाजार जिले के भाटापारा, कोतवाली, कसडोल, पलारी, हतबंद सहित पूरे जिले के यातायात प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है।अनुशासन प्रिय होने के साथ साथ उनकी कड़ाई से भी इस जिले के लोग वाकिफ है।उन्होंने अपनी सेवाएं जिन जिन थानों में दी वहां की हरियाली को हरा भरा रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिला मुख्यालय के यातायात थाना की काया कल्प भी उन्हीं की मेहनत और लगन का नतीजा है जो आज हरा भरा होकर अपनी हरियाली बिखेर रहा है। कानून व्यवस्था को मजबूत करने और कड़ाई से पालन कराने वाले निरीक्षक के रूप में जाने जाने वाले प्रमोद कुमार सिंह राजधानी के मौदहापारा,आजाद चौक,राजेंद्र नगर जैसे थानों के प्रभारी के साथ साथ यातायात के भी प्रभारी के रूप में वहां अपनी सेवाएं दी है।

निधन : अनुसुईया चंद्राकर

आरंग/नवप्रदेश। शुक्रवार को ग्राम बोरिद निवासी 95 वर्षीय अनुसुईया चंद्राकर का निधन हो गया।वे नरेश चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर, सेवा निवृत्त प्राचार्य पवन कुमार चंद्राकर की माता तथा शिक्षक सूर्यकांत व चित्रकांत चंद्राकर की दादी थी। उनकी अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

अवैध धान के 205 प्रकरणों में 27551.64 क्विंटल धान जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने हेतु अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 187 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है।

कुल 205 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 27551.64 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं सख्ती से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि धान उपार्जन अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध भंडारण, परिवहन या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ताकि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसी क्रम में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। आज बसना विकासखण्ड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में 527 कट्टा धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम दलदली में दो अलग-अलग प्रकरण में 280 कट्टा एवं 247 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

ठाकुरटोला में स्वच्छता अभियान और बौद्धिक परिचर्चा आयोजित

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ठाकुरटोला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर स्वयं सेवकों ने गांव के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को साफ-सफाई और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया गया।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन मुख्य अतिथि जनेंद्र कुमार दीवान, कार्यक्रम समन्वयक (राष्ट्रीय सेवा योजना), हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रजनीश कुमार उमरे, सहायक प्राध्यापक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तथा वरिष्ठ रंगकर्मी योगेश पाण्डेय शामिल रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के सानिध्य में संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने स्वयं सेवकों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पाण्डेय ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक और घातक है।

डॉ. रजनीश कुमार उमरे ने स्वयं सेवकों को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम समन्वयक जनेंद्र कुमार दीवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, लक्ष्य एवं आदर्शों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि एनएसएस स्वयं सेवकों में सहयोग, साहित्य, कला एवं व्यक्तित्व विकास की भावना उत्पन्न करता है। उन्होंने जीवन में गुरु, माता-पिता की अच्छाइयों को ग्रहण कर आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार साहू ने व्यक्त किया। परिचर्चा में प्रो. बी. आर. चंद्रवंशी, सुभाष ठाकुर, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा सहित समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

सीसी रोड बनने से नागरिकों को मिलेगी आवागमन की सुविधा : निखिलकांत

■ नपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम ने की सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। सुभाषनगर वार्ड क्रमांक 25 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। यह वार्ड वासियों की काफी पुरानी मांग थी जिसे नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के विशेष प्रयास से पूर्ण किया गया। आज नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद भाऊ राम साहू के साथ संयुक्त रूप से श्रीफल फोड़कर पूजा अर्चना की। नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। शहर के समस्त वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सभी पार्षदों, सभापतियों के परस्पर सहयोग से नगर वासियों के विश्वास पर हम सभी को खरा उतरना है। यह सीसी रोड बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। भूमिपूजन अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद पवन पटेल, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजेंद्र चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी यदु, धनेश्वरी सोनधर सोनवानी, राहुल आवड़े तथा वार्डवासी मनकुंवर ध्रुव, कुमारी सिन्हा, निर्मला यादव, खोलबहरीन , रोमन साहू, गायत्री, गंगा यादव, कृष्णा पटेल, रिखीराम साहू आदि उपस्थित थे।

धान खरीदी | **कलेक्टर ने फिंगेश्वर, जामगांव के धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण**

धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर उइके

राजिम/गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आज समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत जामगाँव, गुण्डरदेही एवं फिंगेश्वर पहुंचे। इस दौरान उन्होनें केन्द्र में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्याकंन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के धान तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए, इसके लिए समिति में सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम विशाल महाराणा, जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, डीएमओ किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री उइके ने धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ-सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए। कलेक्टर श्री उइके ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने किसानों को तौल में पारदर्शिता, उपार्जित धान के संपूर्ण विक्रय तथा कम पैदावार की स्थिति में रकबा समर्पण की प्रक्रिया का पालन करते हुए पोर्टल में समय पर एंट्री कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विसंगति या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से रोका जा सकेगा। पीडीएस दुकानों का संचालन करने वाली समितियों को भी रिक्त बोरियों की नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सांकरा में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी समाज के गौरव शहीद वीर नारायण सिंह की 167वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम सांकरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे, जबकि अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा के अध्यक्ष विशाल राम ध्रुव ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष उमेश देव, नगरी पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा तथा विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सांकरा के सरपंच नागेन्द्र बोरझा उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव, राजेश नाथ गोसाई, ग्रामसभा अध्यक्ष सत्ती मरकाम, संरक्षक प्रयाग चंद बिसेन, एम.आर. चनाप सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।ध्रुव गोड़ समाज उप सांकरा के अध्यक्ष चिंतामणि मरकाम, हल्बा समाज 32 गढ़ के अध्यक्ष जीवन लाल नाग, उप सांकरा हल्बा समाज के टेमन कश्यप, गोंडवाना समाज उप छिंदीटोला के उमेश मरकाम, कमार समाज सिहावा क्षेत्र के गणपत नेताम, गो.स. महामायी फरसियां, आ.जा.से. सहकारी संघ सांकरा के अध्यक्ष गिरवर भंडारी तथा पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने अपने संबोधन में कहा, जंगल जहाँ है, वहीं आदिवासी समाज का अस्तित्व है। जलङ्कजंगलङ्कजमीन का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अनिवार्य है।

डीएसपी कल्पना वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने वाले दीपक टंडन के खिलाफ कटघोरा में अरेस्ट वारंट जारी

■ 28 लाख की ठगी का है मामला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लेडी डीएसपी कल्पना वर्मा के खिलाफ लव ट्रैप समेत गंभीर आरोप लगाने वाले कारोबारी दीपक टंडन के खिलाफ कानून ने शिकंजा कसा है।

कोरबा जिले के कटघोरा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने दीपक टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पूरा मामला 28 लाख रुपए की ठगी से जुड़ा हुआ है।

क्या है पूरा मामला?

मामला 28 लाख रुपए के वित्तीय अनियमितता से जुड़ा हुआ है। दीपक टंडन के लगातार गैर-हाजिर रहने के बाद कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। इस मामले में कोर्ट ने 12 दिसंबर को दीपक टंडन को पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन नोटिस मिलने के बावजूद वह कोर्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने नहीं पहुंचे। इसके बाद कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

28 लाख रुपए की रकम नहीं लौटाने के आरोप

शिकायतकर्ता ने दीपक टंडन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाए कि टंडन ने कोयले के एवज में बड़ी रकम ली लेकिन लौटाई नहीं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से यह केस अदालत में लंबित था और जांच में सहयोग न करने के कारण अब कार्रवाई तेज हो गई है। बता दें कि डीएसपी कल्पना वर्मा पर लव ट्रैप के आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ चैट और फोटे वायरल हुए और आरोप है कि डीएसपी कल्पना वर्मा ने व्यापारी से कथित लव ट्रैप के जरिए पैसों की वसूली की। इस पूरे मामले में डीएसपी कल्पना वर्मा ने दीपक टंडन पर मनगढ़ंत आरोप लगाने की बात कही है। साथ ही कहा कि दीपक टंडन के पिता के साथ व्यवसायिक रिश्ते हैं। मामले से बचने के लिए दीपक ने साजिश रची है। दीपक टंडन के खिलाफमानहानि का केस करेंगी।

छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश सीमा पर हादसा बस के खाई में गिरने से 8 की मौत

सुकमा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सीमा से सटे आंध्र प्रदेश के मारेडमिल्ली घाट में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. प्राइवेट ट्रेवल्स बस के खाई में गिरने से 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कई यात्री घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए चिंतूर अस्पताल भेजा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, यह बस अरुकु से रायलसीमा, चित्तूर जा रही थी. शुक्रवार की तड़के सुबह मारेडमिल्ली घाट में बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. इस हादसे में 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है, वहीं अनेक लोग घायल हैं. घटना की सूचना मिली राहत दल मौके पर पहुंचा. घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। वहीं दुर्घटना में मृत यात्रियों की पहचान की जा रही है।

सीएम ने जताया दुःख

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दु:ख जताया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि तीर्थयात्रियों की एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली है। उन्हें घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। वहीं वह पीड़ित परिवारों को सहायता देने की भी बात कही है।

न्यूज गैलरी

क्या दुर्दांत नक्सलियों के भी प्रकरण वापस लेगी सरकार : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कैबिनेट के ताजा निर्णयों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के आपराधिक प्रकरण वापस लेने के फैसले को दुर्भाग्यजनक करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या झीरम कांड, ताड़मेटला, रानीबोदली, एडसमेटा जैसे नरसंहार में शामिल नक्सलियों के आपराधिक प्रकरण वापस होंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि नक्सली व सामान्य घटना में पहले से जेल में बंद नक्सलियों के खिलाफआज तक चार्टशीट दाखिल नहीं कर पाई है। पहले ऐसे नक्सलियों के बारे में सरकार को अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। श्री बैज ने यह भी कहा कि सरकार को नक्सल नीति व पुनर्वास नीति बनाने का अधिकार है, लेकिन सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि जिन निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर सरकार ने जेल में बंद कर रखा है, उनके बारे में कब फैसला लेगी।

3 दिवसीय कबीर सत्संग आज से

रायपुर/नवप्रदेश। सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमिन माता महिला मंडली अमलीडीह, न्यू पुरेना, न्यू राजेन्द्र नगर, देवपुरी व लालपुर के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 13 से 15 दिसम्बर तक अमलीडीह स्थित महात्मा गांधी नगर में होगा। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोती लाल साहू, महापौर मीनल चौबे, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू व पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा आदि मौजूद रहेंगे। प्रथम दिन सुबह 11 बजे से कलश व शोभा यात्रा, दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक महंत देवदास साहेब का प्रवचन होगा। दूसरे दिन महंत देवदास साहेब के अलावा अन्य महंतों का सत्संग भजन कार्यक्रम है।

ऑटो एक्सपो में खरीदी गाड़ियों की आरसी अब तक नहीं मिली

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में इसी साल जनवरी में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन की ओर से ऑटो एक्सपो का आयोजन किया गया था। इस एक्सपो में गाड़ी खरीदने वालों को राज्य सरकार की ओर से पंजीयन शुल्क यानी लाइफ टाइम रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस छूट का फायदा लेने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में गाड़ी खरीदी थी। करीब 11 महीने के बाद भी करीब 150 लोगों को अभी तक उनकी गाड़ी की आरसी बुक नहीं मिली है। इसे लेकर लोग परेशान हो गए हैं। वे कई बार आरटीओ व ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के साथ ही जहां से गाड़ी खरीदी थी वहां जा चुके हैं। लेकिन अभी तक उन्हें राहत नहीं मिली है। इसकी शिकायत परिवहन विभाग के आला अफसरों से करने के बाद अब इस समस्या का निराकरण करने का काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इन लोगों ने गाड़ी खरीदते समय कुछ दस्तावेज जमा नहीं किए थे। इसमें फायनेंस के भी कुछ दस्तावेज शामिल हैं। यही वजह है कि जब गाड़ी रजिस्ट्रेशन होने के लिए गई तो ऑनलाइन पंजीयन नहीं हो पाया। दस्तावेजों की कमी से आरसी बुक बन ही नहीं पाई। अब ऐसे लोग सबसे ज्यादा परेशान हो गए हैं।

फर्जी जमीन दिखाकर बैंक से लोन लेने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे की जमीन को अपना बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से लोन लेने वाले गिरोह का तेलीबांधा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि निखिल रघुवंशी, माधव जाना, स्वप्न गुच्छेत और विक्रेता मनोज सोनी आपस में मिलकर दूसरों की आबादी भूमि को अपनी बताकर बैंक में खरीद-फरोख्त के फर्जी दस्तावेज जमा करते थे। इसी आधार पर बैंक से 13.50 लाख, 13.50 लाख और 8 लाख रुपए के लोन तीन अलग-अलग नामों से लिए गए थे। लोन की किस्तें जमा न होने पर बैंक की जांच समिति ने दस्तावेजों की पड़ताल की, जिसमें जमीन पूरी तरह फर्जी निकली।

ई-केवाईसी से पकड़ आई गड़बड़ी, अब सालाना 21 करोड़ किलो चावल बचेगा

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार से लागू राशनकार्डों के लिए ई-केवाईसी योजना के बाद शासन को बड़ी सफलता मिली है। करोड़ों रुपए बचने वाले हैं। प्रदेश के जिन 30 लाख लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाया है, अब इन्हें चावल देना बंद कर दिया गया है। विभाग ये मानकर चल रहा है कि ये लोग गलत तरीके से चावल उठा रहे थे। इसलिए इन्होंने ई-केवाईसी नहीं करवाया है। अकेले रायपुर जिले में करीब तीन लाख लोगों ने ई-केवाइसी नहीं करवाया है। इनका राशन बंद कर दिया गया है। बता दें कि ये 30 लाख लोग पिछले तीन साल से राशन उठा रहे थे। प्रति व्यक्ति करीब 7 किलो चावल मिलता है। इस हिसाब से करीब अब सालाना करीब 21 करोड़ किलो चावल की बचत होने वाली है। पिछले तीन सालों में बड़े पैमाने पर हुए इस फर्जीवाड़े से शासन को करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस राशि की वसूली करने की तैयारी खाद्य विभाग कर रहा है। अगर वसूली की जाए तो ये खाद्य विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

अब आप 18 दिसंबर तक भर सकेंगे एसआईआर फॉर्म

23 दिसंबर को होगा प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए निर्धारित तिथियों को पुनः एक सप्ताह और बढ़ा दिया है। अब गणना चरण के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म 11 दिसंबर के बजाय अब 18 दिसंबर तक भरे जा सकेंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण व पुनर्व्यवस्थापन 18 दिसंबर तक किया जाएगा।

वहीं, प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। दावा-आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक है। नोटिस, सुनवाई, सत्यापन तथा दावा-आपत्तियों का निराकरण 23 दिसंबर से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होगा।

प्रदेश में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ विशेष बैठके आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं तथा ऐसे मतदाता जिनके गणना प्रपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, उनकी सूचों की विशेष समीक्षा की जा रही है। इस दौरान स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं तथा ऐसे मतदाता जिनके गणना प्रपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, उनकी सूची को राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ साझा भी किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में 99.98 फीसदी गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण व उनका डिजिटाइजेशन कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में अब तक लगभग 2 करोड़ 12 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। यह कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 99.98 प्रतिशत है।

सीईओ ने राजनीतिक दलों से की अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से मतदान केंद्रवार बीएलओ के साथ बैठकों में सहभागिता सुनिश्चित करें। सूची का सूक्ष्म अवलोकन कर स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि, अपूर्णता अथवा गलत प्रविष्टि की जानकारी 18 दिसंबर तक बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध, अद्यतन व त्रुटिरहित बनाया जा सके।

एनआईटी : स्प्रिंग सेशन 2025-26 के लिए पीएचडी में प्रवेश के लिए 23 तक आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। एनआईटी ने स्प्रिंग सेशन 2025-26 के लिए पीएचडी में एडमिशन में लिए आवेदन मंगाया है। इसके तहत फुल टाइम, स्पॉन्सर्ड, सेल्फ फाइनेंस्ड और पार्ट-टाइम केटेगरी में एडमिश्कन के लिए आवेदन मंगाया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। सेशन जनवरी 2026 से शुरू होने की संभावना है।

इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। आवेदन करने के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्लूएस केटेगरी के लिए 1200 रुपए और एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को 600 रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा है। यह नॉन-रिफंडेबल एप्लीकेशन प्रोसेसिंग फीस है। अगर कोई आवेदक एक से ज्यादा डिपार्टमेंट में आवेदन करना चाहता है तो, उसे हर डिपार्टमेंट के लिए अलग-अलग एप्लीकेशन और फीस जमा करनी होगी।

इच्छुक उम्मीदवारों को विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा। अधूरे और बिना भुगतान वाले फॉर्म या देर से जमा किए गए आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। बता दें कि लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट घोषित करने की संभावित तारीखें एप्लीकेशन की आखिरी तारीख से एक सप्ताह के अंदर जारी की जाएंगी। इससे संबंधित जानकारी इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर दी जाएगी। उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

इन विषयों के लिए मंगाए गए आवेदन

संस्थान द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक एप्लाइड जियोलॉजी, आर्किटेक्चर, बायो-मेडिकल इंजीनियरिंग, बायोटेक्नोलॉजी, केमिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए), कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सहित कई विभागों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

नशीली कफसिरप बेच रहे दो लोगों को 15-15 साल की कैद

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध नशीली कफसिरप मामले में आज चार आरोपियों के विरुद्ध अंतिम सुनवाई थी, लेकिन दो आरोपी के फरार होने के कारण विशेष न्यायाधीश ने दो आरोपियों को 15-15 साल कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड भुगतान न करने पर अतिरिक्त तीन-तीन वर्ष कठोर सजा का प्रावधान है। दो आरोपियों को फरार घोषित करते हुए उनके विरुद्ध बेमियादी गैरजमानती वारंट जारी किया गया। यह मामला थाना आजाद चौक स्थित ईदगाह हिन्द खेलकूद मैदान का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 11 दिसंबर, गुरुवार को रायपुर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक केके चन्द्राकर ने कोर्ट को बताया कि 29 नवंबर 2020 को चार आरोपी अभिषेक सिंह ठाकुर, शहबाज खान, सज्जाद हुसैन व शाहरुख बेग इंदगाह हिन्द खेलकूद मैदान के पास मादक पदार्थ नशीली अवैध कफसिरप बेच रहे थे, जिन्हें पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। चारों आरोपी करीब चार माह तक न्यायिक अभिरक्षा में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुए थे। पुलिस ने छापामार कार्रवाई के दौरान सभी आरोपियों के पास से क्यूरेक्स, ओनरेक्स, कोडिन और क्लोरोफे नीरेमाइन नामक कफ सिरप भारी मात्रा में बरामद किया था। अंतिम सुनवाई में दो आरोपी सज्जाद हुसैन व शाहरुख बेग कोर्ट नहीं पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये। अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्तों ने गंभीर अपराध किया है। अधिकतम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर दो अभियुक्त अभिषेक सिंह ठाकुर व शहबाज खान को 15-15 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई।

'मैपिंग इंडियाज स्टेट लेवल एनर्जी ट्रांज़िशन छत्तीसगढ़ रिपोर्ट का सीएम ने किया विमोचन

राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार के लिए ठोस कदमों पर चर्चा

■ कोयला क्षेत्रों में 'जस्ट ट्रांज़िशन पर विस्तृत चर्चा

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट और स्वनिति इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट मैपिंग इंडियाज स्टेट लेवल एनर्जी ट्रांज़िशनः छत्तीसगढ़ का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री साय ने शोधकर्ताओं के साथ राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रसार, ऊर्जा सुरक्षा, और सतत विकास की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और ऊर्जा दक्षता संबंधी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

शोधकर्ताओं ने मुख्यमंत्री साय को भारत के 52 कोयला उत्पादक जिलों की एनर्जी ट्रांज़िशन वल्नरेबिलिटी पर आधारित एक व्यापक इंडेक्स प्रस्तुत किया, जिसमें यह दर्शाया गया कि पारंपरिक कोयला आधारित क्षेत्रों में जस्ट ट्रांज़िशन-अर्थात् आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से न्यायपूर्ण बदलाव-कितना आवश्यक है। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह इंडेक्स पुराने कोयला क्षेत्रों में भविष्य की चुनौतियों, रोजगार संरचना, और वैकल्पिक आजीविका के अवसरों का महत्वपूर्ण संकेतक है।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आरंग के छात्रों का रहा दबदबा

आरंग के दिव्यांग छात्रों ने जीते 25 पुरस्कार

आरंग/नवप्रदेश। बुधवार को समग्र शिक्षा विभाग तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निमोरा अभनपुर में आयोजित हुआ।जिसमें आरंग विकासखण्ड के अनेक विद्यालयों के नौ दिव्यांग छात्रों ने अलग-अलग वर्ग के प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाये।

स्पेशल एजुकेटर लोकेश साहू ने बताया विभिन्न प्रतियोगिताओं में विकासखण्ड के बच्चों को कुल 25 पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसमें 13 प्रथम, 10 द्वितीय एवं 02 तृतीय स्थान पर रहें। प्रतियोगिता में धनेश्वरी साहू, ऊषा साहू, श्रेया ढीढी,सगुन चन्द्राकर,डामिता कोसरिया, खुशी साहू, गगनदीप टंडन, अंश कुमार साहू, डिगेन्द्र साहू विकासखंड का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला आरंग के श्रवण बाधित छात्रा धनेश्वरी साहू ने सर्वाधिक 6 खेलों में प्रथम स्थान अर्जित कर चैम्पियन रही। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला अकोली कला से अंश कुमार एवं हायर सेकंडरी स्कूल फरफौद से गगनदीप टंडन और डिगेन्द्र साहू ने भी विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन के साथ 4 प्रथम एवं 6 द्वितीय स्थान के साथ विकासखण्ड का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एस एस चंद्रसेन,कोच श्रवण कुमार साहू बीआरपी सीडब्ल्यूएसएन, लोकेश कुमार साहू स्पेशल एजुकेटर, फिजियोथैरेपिस्ट विरेन्द्र साहू उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वहीं जिला स्तरीय स्पोर्ट इवेंट्स में छात्रो द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला सहायक परियोजना अधिकारी माया वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एस एस चंद्रसेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी बच्चों को बधाई दिए हैं।

IPLUS
Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

हमारे यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहॉ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com